



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल







## विशेष टिप्पणी

## कांग्रेस आलाकमान ने यह क्या कर दिया?

कांग्रेस आलाकमान ने यह क्या कर दिया? पूरे देश में ले देकर छत्तीसगढ़ ही वह अकेला राज्य था जहां कांग्रेस ठीक-ठाक काम कर रही थी। कांग्रेसियों में एक उत्साह था। सरकार नित नए प्रयोग कर रही थी और लोग पूरे दिल से उसे स्वीकार कर रहे थे। राज्य हो या केन्द्र अपने सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को खुश नहीं रख सकती। छत्तीसगढ़ में भी ऐसे अनगिनत कार्यकर्ता हैं जिन्हें सरकार कुछ नहीं दे पा रही है। पर एक आस लिए ऐसे कार्यकर्ता ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान ने ऐसे सभी कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर तो पानी फेरा ही है, उन लाखों लोगों को भी निराश किया है जिन्हें लगा था कि राज्यसभा की सीटों पर दो और वरिष्ठों को मौका मिलेगा। केन्द्र में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कुछ और मजबूत होगा। फिलहाल राज्य से लोकसभा में कांग्रेस के केवल दो सांसद हैं। बहुत सारे नेता ऐसे थे जो राज्यसभा जाने के लिए उत्सुक थे और इनमें से कई ने तो अपनी इच्छा सार्वजनिक रूप से जाहिर भी कर दी थी। पर जब से कांग्रेस आलाकमान ने छत्तीसगढ़ कोटे की राज्यसभा सीटों पर दो मनोनयन किया है, इन सभी में निराशा छा गई है। कांग्रेस आलाकमान ने छत्तीसगढ़ कोटे की दो सीटों पर दिल्ली के राजीव शुक्ला और बिहार की रंजीता रंजन को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया है। छत्तीसगढ़ वालों ने पहले कभी इनका नाम भी नहीं सुना।

दरअसल कांग्रेस आलाकमान की इन्हीं हरकतों के कारण देश भर के लोगों का उससे मोहभंग हुआ है। उसे अपने अधिकारों का इस्तेमाल करना खूब आता है। टिकटों की बंदरबांट से लेकर चाटुकारों को भाव देने की कांग्रेस आलाकमान की आदत से पार्टी जमीनी स्तर पर बार-बार आहत हुई है। उसे लगता कि प्रदेशों की सरकारें उसकी बदौलत चलती हैं। हकीकत इसके सर्वथा विपरीत है। देश भर में कांग्रेस के पास काबिल नेताओं की कोई कमी नहीं है। कोई उन्हें मौका तो दे। जब-जब इन्हें मौका मिला है, इन्होंने अपनी अद्भुत रचनात्मक क्षमता का परिचय देकर पूरे देश को चमत्कृत किया है। ऐसे नेताओं की स्वयं केन्द्र सरकार कायल है। छत्तीसगढ़ की अनेक योजनाओं को न केवल केन्द्र की भाजपा सरकार की प्रशंसा मिली है बल्कि उनका अन्य राज्यों में अनुकरण भी किया गया है। ऐसी सरकारों का मनोबल बढ़ाने की बजाय, उनका काम आसान करने की बजाय, केन्द्रीय आलाकमान बार-बार अपनी ऊलजलूल हरकतों से इन सरकारों को नित नई परेशानियों में डाल देती है। कितना अच्छा होता कि छत्तीसगढ़ सरकार की पीठथपाते हुए आलाकमान कह देती कि इस बार राज्यसभा के सभी पदों पर प्रदेश सरकार की इच्छा से ही प्रत्याशी खड़े किए जाएंगे। कम से कम उन लोगों का तो मान बढ़ता जो अपना खून-पसीना बहाकर विपरीत परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। अपने बल बूते पर न केवल राज्य में सरकार चला रहे हैं बल्कि जनाकांक्षाओं पर भी खरा उतर रहे हैं। नेता थोपने की नीति को अब पार्टी को तिलांजलि देनी ही होगी वरना जो दो चार नामलेवा बचे हैं वो भी अगर पार्टी से कट गए तो कुछ और क्षेत्रीय दल पैदा हो जाएंगे और देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के पास अपना कहने को कुछ भी नहीं रह जाएगा।

- राजेश अग्रवाल

# राज्यसभा को लेकर कांग्रेस में रार दिग्गजों की तपस्या हो गई शहीद




**नई दिल्ली/रायपुर (एजेंसी)।** राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। इसके साथ ही पार्टी में एक बार फिर असंतोष की लहर पैदा हो गई है। पार्टी ने कई दिग्गज और लंबे समय से उच्च सदन में जाने की उम्मीद लगाए बैठे नेताओं को दरकिनार करते हुए राहुल-प्रियंका के वफादारों पर भरोसा जताया है। सबसे अधिक असंतोष राजस्थान और छत्तीसगढ़ को लेकर है, जहां सभी प्रत्याशी 'बाहरी' हैं। राजस्थान से कांग्रेस विधायक संयम लोढ़ा ने ट्वीट किया, पार्टी को बताना होगा कि राजस्थान का कोई उम्मीदवार क्यों नहीं बनाया गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने जहां अपनी तपस्या में कुछ कमी रह जाने की बात कहते हुए सवाल खड़ा किया है तो नगमा ने भी खुलकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि 18 साल की तपस्या बेकार चली गई।

### किसे कहां से दिया टिकट?

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन को प्रत्याशी बनाया है। राजस्थान से रणदीप सुरजेवाला, मुकुल वासनिक और प्रमोद तिवारी उम्मीदवार होंगे। हरियाणा से अजय माकन और मध्यप्रदेश से विवेक तनखा, तमिलनाडु से पी. चिदंबरम, कर्नाटक से जयराम रमेश, महाराष्ट्र से इमरान प्रतापगढ़ी उम्मीदवार होंगे।

### राहुल-प्रियंका की चली, इमरान प्रतापगढ़ी को टिकट से बवाल

राजनीतिक जानकारों की मानें तो राज्यसभा के लिए टिकट बंटवारे में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के करीबियों को तरजीह दी गई है। कांग्रेस के कई ऐसे दिग्गज और सीनियर नेताओं को निराशा हाथ लगी, जो पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के करीबी बताए जाते हैं। इसके अलावा हाल के समय में पार्टी में सुधारों की बात करने वाले कई वरिष्ठ नेताओं को भी किनारे कर दिया गया है। एक तरफ जहां पार्टी के लिए लंबे समय से काम करने वाले कई नेता टिकट पाने से वंचित रह गए तो वहीं प्रियंका गांधी के करीबी कहे जाने वाले इमरान प्रतापगढ़ी का नाम सूची में देखकर सभी हैरान रह गए।

### तपस्या में कमी रह गईः पवन खेड़ा


पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने राज्यसभा का टिकट नहीं मिलने पर सार्वजनिक रूप से अपनी निराशा जाहिर की है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, ''शायद मेरी तपस्या में कुछ कमी रह गई।' मीडिया में उनके असंतोष की चर्चा के बीच सोमवार सुबह उन्होंने एक और ट्वीट करके खुद को पार्टी के प्रति निष्ठावान बताने की कोशिश की। उन्होंने लिखा, ''मुझे पहचान कांग्रेस ने दी है। मैं अपनी इस बात से सहमत भी हूं और इस पर अडिग भी हूं।''

### नगमा का भी दर्द जाहिर

पवन खेड़ा के ही ट्वीट को आगे बढ़ाते हुए महिला कांग्रेस की महासचिव नगमा ने लिखा, ''हमारी भी 18 साल की तपस्या कम पड़ गई इमरान भाई के आगे।'' नगमा ने यह भी कहा कि सोनिया गांधी ने उनसे वादा भी किया था। उन्होंने लिखा, ''कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ने 2003/04 में पार्टी जॉइन करते समय व्यक्तिगत रूप से मुझसे वादा किया था कि राज्यसभा भेजा जाएगा। तब से 18 साल हो गए, लेकिन मुझे मौका नहीं मिला। इमरान को महाराष्ट्र से राज्यसभा भेज दिया गया, मैं पूछती हूं क्या मैं कम योग्य हूं।''

### प्रमोद कृष्णम ने औरों की तपस्या का दिलाया ध्यान

पवन खेड़ा और नगमा अपनी तपस्या के बेकार जाने पर दुख जताया तो कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आजाद जैसे नेताओं का भी ध्यान दिलाया जो पार्टी के लिए चार दशक से काम कर रहे हैं। प्रमोद कृष्णम ने लिखा, ''सलमान खुर्शीद तारिक अनवर और आजाद साहब की तपस्या तो 40 साल की है, वो भी शहीद हो गए।''



## बदमाश ने पूरी दुकान में लगा दी आग, लाखों का सामान स्वाहा, पुलिस गिरफ्त में आरोपी

भिलाई। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने दुकानदार से रंजिश के कारण पूरी दुकान में ही आग लगा दी। आग ऐसी फैली कि दुकान में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। घटना शनिवार आधीरात के बाद की है। दूसरे दिन रविवार को दुकानदार ने पुरानी भिलाई थाने पहुंचकर आगजनी की शिकायत दर्ज कराई। दुकानदार ने रंजिश रखने वाले बदमाश का नाम भी बताया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

यह पूरा कांड संगम चौक निवासी राजू ठाकुर उर्फ जयलाल द्वारा किया गया। मिलन चौक पर स्थित कमलेश देवांगन की इलेक्ट्रिक व हार्डवेयर की दुकान में साल भर पहले राजू ठाकुर ने चोरी की थी। इस मामले में पुलिस में शिकायत के बाद राजू ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। मामले में कमलेश देवांगन से समाज के लोगों की समझौता किया तो उसने केस वापस ले लिया। इसके बाद दुकान कमलेश देवांगन का चोरी का पैसा राजू ठाकुर से किश्तों में वसूलता रहा। इसी बात को लेकर राजू ठाकुर रंजिश रख रहा था।

पुलिस के अनुसार 28 मई की रात 10 बजे कमलेश देवांगन दुकान बंद करके चला गया इसके बाद उसी रात को लगभग एक से दो बजे के बीच राजू ठाकुर पीछे के रास्ते से जाकर दुकान में आग लगा दी। आग भड़कने के बाद आसपास के लोगों ने देखा और कमलेश देवांगन को जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची और आग पर काबू पाया। इस आगजनी में दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। कमलेश देवांगन ने बताया कि लगभग 7 लाख रुपए का सामान जल गया।

## जशपुर जिले में बिजली गिरने से 3 की मौत और 9 घायल

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में रविवार को बिजली गिरने से एक नाबालिग लड़की समेत तीन लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना जशपुर जिले की पंद्रापथ पुलिस चौकी सीमा के अंतर्गत बुर्जुडीह गांव में शाम करीब साढ़े चार बजे हुई। जशपुर की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडे ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गांव के साप्ताहिक बाजार में एक छोटे से भोजनालय में बिजली गिरी, जिससे 9 लोग घायल हो गए।

## कोरोना में अनाथ हुए बच्चों को हर महीने मिलेंगे 4000, पांच लाख का मुफ्त इलाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत अनाथ बच्चों के बैंक खातों में पीएम केयर्स फंड से छात्रवृत्ति भेजी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सरकार अनाथ बच्चों के साथ है। हम बच्चों की हर तरह से मदद करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, रोजमर्रा की दूसरी जरूरतों के लिए अन्य योजनाओं के माध्यम से ऐसे बच्चों के लिए 4 हजार रुपए हर महीने की व्यवस्था भी की गई है। ऐसे बच्चे जब अपने स्कूल की पढ़ाई पूरी करेंगे, तो आगे भविष्य के लिए और भी पैसों की जरूरत होगी। इसके लिए 18-23 साल के युवाओं को हर महीने स्टाइपेंड मिलेगा और जब आप 23 साल के होंगे तब 10 लाख रुपये आपको एक साथ मिलेंगे।

पीएम मोदी ने बताया, अगर कोई बच्चा बीमार पड़ता है तो उसे इलाज के लिए पैसे चाहिए। ऐसे में बच्चों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन के माध्यम से आपको आयुष्मान हेल्थ कार्ड दिया जा रहा है, इससे पांच लाख तक इलाज की मुफ्त सुविधा रहेगी।

# श्रीनगर एवं पहलगाम में आयोजित गोल्फ एंड माइस टूरिज्म समिट मे छत्तीसगढ़ को मिला पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** जम्मू कश्मीर टूरिज़्म, फिक्की एवं इंडियन गोल्फ एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 27 से 30 मई तक आयोजित गोल्फ माइस टूरिज्म समिट एवं गोल्फ टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड सह प्रयोजक रहा। इस भव्य आयोजन के समापन एवं पुरूस्कार समारोह के अवसर पर विजेताओ की घोषणा की गयी । विजेता मे छत्तीसगढ से श्री अनिल राय, आई.एफएस को रनरअप पहलगाम 18 होल टूर्नामेंट केटेगरी (14-24 Handicap) एवं सलिल श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता , ओ.एस.डी. आवास एवं पर्यावरण को क्लोजेसट् टू द पीन पहलगाम 18 होल टूर्नामेंट का विजेता घोषित किया गया तथा विजेताओ को प्रतीक चिह्न प्रदाय किया गया।

इस अवसर पर उपराज्यपाल (जम्मू-कश्मीर) के सलाहकार राजीव राय भटनागर, मुख्य सचिव, छत्तीसगढ शासन अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ शासन गौरव द्विवेदी, सचिव पर्यटन, जम्मू-कश्मीर शरमद हफीज, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक अनिल कुमार साहू सहित छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं गोल्फ खिलाड़ी भी शामिल हुए। साथ ही इस अवसर पर टूर ऑपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट्स एवं टूरिज्म से जुड़े संस्थाओं के प्रतिनिधित्व उपस्थित थे। टूर्नामेंट के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से एडीजी सुश्री रुपिंदर बरार विशेष रूप से शामिल हुईं। आयोजक संस्था फिक्की के चेयरमैन श्री इरफान अहमद गुजू, को- चेयरमैन फिक्की श्री राजेश शर्मा एवं राजन सहगल, अध्यक्ष, इंडिया गोल्फ टूरिज्म एसोसिएशन के द्वारा विजेताओ को शुभकामनाऐ और समस्त प्रतिभागियो को टूर्नामेंट मे शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# लापता नेपाली विमान में सवार सभी 22 लोगों के मारे जाने की आशंका, 14 शव मिले



**काठमांडु (एजेंसी)।** खराब मौसम के बीच नेपाल की सेना ने मुस्तांग जिले में रविवार सुबह लापता विमान का मलबा सोमवार को खोज निकाला। नेपाल के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता फणींद्र मणि पोखरेल ने सोमवार सुबह बताया कि विमान में सवार सभी यात्रियों के मारे जाने की आशंका है। इस विमान पर चार भारतीय नागरिकों समेत कुल 22 लोग सवार थे। आरंभिक जांच के अनुसार किसी यात्री के जिंदा बचने की संभावना नहीं है। हालांकि, आधिकारिक बयान बाद में जारी किया जाएगा। उधर, नेपाली मीडिया ने कहा कि बचाव दल ने विमान के मलबे से 14 शव निकाल लिए हैं। पुलिस के अनुसार शवों की हालत इतनी खराब है कि उनकी पहचान मुश्किल है।

नेपाल की 'तारा एयर' के ट्विन ऑटर 9एन-एईटी विमान ने रविवार सुबह पोखरा से सुबह 09.55 बजे उड़ान भरी थी। नेपाल के पुलिस इंस्पेक्टर राज कुमार तमांग के नेतृत्व में एक टीम घटना स्थल पर पहुंच गई। तमांग ने बताया कि कुछ शवों की पहचान मुश्किल है। नेपाली सेना ने सोमवार सुबह वह जगह ढूंढ निकाली, जहां यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। सेना के प्रवक्ता ने एक ट्वीट में कहा राहत और बचाव दल ने विमान के दुर्घटना स्थल का पता लगा लिया है। तारा एयर का 9 एनएईटी डबल इंजिन विमान रविवार को पहाड़ी जिले में लापता होने के कुछ घंटे बाद मुस्तांग जिले के कोवांग गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

हवाईअड्डा अधिकारियों ने बताया कि विमान का संपर्क मुस्तांग के लेटे इलाके में पहुंचने के बाद टूट गया था। जिला पुलिस कार्यालय के डीएसपी राम कुमार दानी ने एएनआई को बताया कि टिटी के स्थानीय लोगों ने हमें फोन किया और बताया कि एक असामान्य आवाज सुनी है जैसे कि कोई धमाका हुआ हो।

स्थाई स्तंभ

## मुद्दा कौन सा बड़ाः हसदेव या ज्ञानवापी



दीपक रंजन दास




ऐसा सवाल कोई अहमक ही कर सकता है। हसदेव के जंगलों को मध्यभारत का फेफड़ा कहा जाता है। जैव विविधता से समृद्ध ये जंगल न केवल पर्यावरण संतुलन के लिए अहम हैं बल्कि यह 167 किस्मों की वनस्पति और 82 किस्म के पक्षियों का भी घर है। यहां गोंड, लोहार और ओरांव जनजाति के 10 हजार से अधिक लोगों का भी घर है। यह हाथी कारीडोर का अहम हिस्सा भी है। जंगलों की कटाई के चलते छत्तीसगढ़ के शिमला में इस बार पारा 42 पार कर गया। पर्यावरण के प्रति इसी बेरुखी का नतीजा है कि महानगरों का तापमान 49.2 डिग्री तक जा रहा है। बारिश का कोई ठिकाना नहीं रह गया है। वज्रपात के मामले बढ़ रहे हैं।

दूसरी तरफ ज्ञानवापी का मामला है। यहां शिवलिंग मिला है। यह देश की प्राचीन संस्कृति के संरक्षण एवं पुनरुद्धार का मामला है। सैकड़ों सालों की गुलामी में हमने अपना काफी कुछ खो दिया है। इसमें से जितना कुछ हम बचा सकते हैं या पुनर्जीवित कर सकते हैं, हमें करना चाहिए। यह मामला केवल आस्था का नहीं अपितु अपने इतिहास को जानने का भी है। बाबा अम्बेडकर कहा करते थे, जो अपना इतिहास नहीं जानते, उनका कल्याण नहीं हो सकता।

अब लौटते हैं मूल सवाल पर। बहस का बड़ा मुद्दा क्या होना चाहिए? जाहिर है हसदेव मामले में अध्ययन करना होगा, जबकि ज्ञानवापी के मुद्दे को हम सोमनाथ, मथुरा, काशी कहीं भी लेकर जा सकते हैं। ऊपर से दिक्कत यह भी है कि विरोध करे कौन? छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है और आंदोलनकारियों ने उसे निशाने पर लिया हुआ है। सो कांग्रेसी चुप। खदान राष्ट्रीय संपत्ति है। इसका ठेका केन्द्र ने दिया है। राज्य के पास सीमित अधिकार हैं। केन्द्र में भाजपा की सरकार है। इसलिए भाजपाई भी चुप।




## संपादकीय

# एक और बीमारी

दुनिया में जब कोरोना का आतंक कुछ कम हुआ है, तो मंकीपॉक्स नामक बीमारी ने आतंक पसारना शुरू कर दिया है। दुनिया भर में मंकीपॉक्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, 20 से अधिक देशों से 200 से ज्यादा रोगियों की पुष्टि हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अधिकारी ने आशंका जताई है कि अगर बचाव के उपाय न किए गए, तो इस बीमारी का सामुदायिक संक्रमण होगा। इस बीमारी के आतंक को ऐसे भी समझा जा सकता है कि जब इसका कोई भी रोगी भारत में नहीं मिला है, तब भी उत्तर प्रदेश सहित आधे से अधिक भारतीय राज्यों ने एलर्ट जारी कर दिया है। इस बीमारी के इलाज के लिए अलग से सुविधा और जांच की व्यवस्था की जा रही है। यह बीमारी किसी एक महादेश तक सीमित नहीं रहने वाली, इसका संक्रमण अमेरिका और यूरोप तक हो चुका है, ये ऐसे महादेश हैं, जहां से भारतीयों का गहरा नाता है और परस्पर खूब आना-जाना है। ऐसे में, अगर भारतीय हवाई अड्डों पर चौकसी हो रही है, तो स्वागतयोग्य है। ध्यान रखने की बात है कि कोरोना को भी भारत आने से रोका जा सकता था, अगर हवाई अड्डों पर कड़ाई की गई होती।

> ध्यान रहे, डॉक्टर मंकीपॉक्स के महामारी के रूप में फैलने की आशंका को पूरी तरह से खारिज नहीं कर रहे हैं। मतलब लोगों को सावधान और तैयार रहना चाहिए। राज्य सरकारों द्वारा जारी एलर्ट को भी इसी कड़ी में देखना चाहिए। एक उम्मीद यह भी है कि जिन देशों में यह बीमारी फैल चुकी है, वो ज्यादा चौकस होंगे, ताकि बाकी देशों में यह न फैल पाए।

चिंता की बात है कि अमेरिका और यूरोप में संक्रमण में ज्यादा तेजी देखी जा रही है। ऑस्ट्रेलिया और मध्य पूर्व के देशों में भी मंकीपॉक्स के मामले मिले हैं। आयरलैंड, अर्जेंटीना, कनाडा, इटली इत्यादि देशों में भी संक्रमण हो चुका है। बहरहाल, फिनलैंड से अच्छी सूचना आई है। हेलसिंकी विश्वविद्यालय अस्पताल के मुताबिक, वहां पीड़ित मरीज ठीक हो रहा है, संक्रमण के स्रोत का पता चल गया है और करीबी संपर्कों की मैपिंग भी कर ली गई है। डॉक्टरों का अनुमान है कि मंकीपॉक्स में मृत्यु दर एक प्रतिशत से दस प्रतिशत तक हो सकती है। एक-दो सप्ताह में स्थिति ज्यादा स्पष्ट हो सकेगी। यह वायरस जनित संक्रामक रोग मुख्य रूप से चकते और बुखार पैदा करता है। चिकनपॉक्स जैसे घाव शरीर पर हो जाते हैं और बीमारी जब ठीक होती है, तो सूखकर झड़ते हैं। यह खतरनाक संक्रामक रोग भी इसी बात की ओर इशारा कर रहा है कि मानव जीवन में साफ-सफाई का बहुत महत्व है। कहीं न कहीं आधुनिक मानव सभ्यताएं साफ-सफाई से समझौता करने लगी हैं। दुनिया में आबादी बढ़ने के साथ ही साफ-सफाई के संसाधनों की भी कमी दिखने लगी है। कोई भी आसानी से यह बता सकता है कि बढ़ती गंदगी के साथ बीमारियां भी बढ़ती चली जाएंगी। अत: किसी एक देश में नहीं, बल्कि पूरे विश्व में साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने का समय आ चुका है। जैसे पोलियो, अशिक्षा के खिलाफ विश्वव्यापी अभियान चले हैं, वैसे ही विश्व स्वास्थ्य संगठन को सफाई की दिशा में पहल करनी चाहिए।

यह जान लेना चाहिए कि मंकीपॉक्स की खोज बंदरों के बीच 1958 में हुई थी और 1970 में यह बीमारी इंसानों में भी पाई गई। यह वायरस जानवर से इंसान में और फिर इंसान से इंसान में फैल सकता है। एक महामारी से डरी हुई चिकित्सा बिरादरी इस बीमारी को भी उचित ही गंभीरता से ले रही है। ध्यान रहे, डॉक्टर मंकीपॉक्स के महामारी के रूप में फैलने की आशंका को पूरी तरह से खारिज नहीं कर रहे हैं। मतलब लोगों को सावधान और तैयार रहना चाहिए। राज्य सरकारों द्वारा जारी एलर्ट को भी इसी कड़ी में देखना चाहिए। एक उम्मीद यह भी है कि जिन देशों में यह बीमारी फैल चुकी है, वो ज्यादा चौकस होंगे, ताकि बाकी देशों में यह न फैल पाए।

## कांग्रेस की ओर से कौन बात करेगा?

कांग्रेस में अहमद पटेल की जगह लेने वाले नेता की तलाश पूरी नहीं हुई है। पार्टी अलग अलग नेताओं को आजमा रही है लेकिन किसी एक पर भरोसा नहीं बन रहा है। कोई एक नेता ऐसा नहीं दिख रहा है, जिसका निजी संबंधसंपर्क देश की सभी पार्टियों के बड़े नेताओं से हो। कांग्रेस की ओर से या कांग्रेस के प्रतिनिधि के तौर पर तो किसी पार्टी से कोई भी बात कर सकता है। लेकिन उस बातचीत का वांछित नतीजा नहीं निकलेगा। अगर नेता का निजी संबंध विपक्षी पार्टियों के नेताओं और प्रादेशिक क्षत्रपों से हो तो बातचीत बेहतर होती है। इसलिए कांग्रेस में ऐसा नेता खोजा जा रहा है, जो कभी भी फोन उठा कर किसी नेता से बात कर सके और वह नेता उसका सम्मान करे। कांग्रेस नेताओं का एक धड़ा ऐसा है, जो इस काम के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा को सबसे उपयुक्त मान रहा है। लेकिन परिवार के अंदर के मामले को समझते हुए कोई इसमें हाथ नहीं डालना चाहता है। ध्यान रहे कांग्रेस की एक बैठक में प्रमोद कृष्णम ने प्रियंका को अध्यक्ष बनाने की मांग की थी तो खुद प्रियंका के इशारे पर दीपेंद्र हुड्डा ने उनको चुप कराया और मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी उनको इस तरह की बातें नहीं करने की हिदायत दी। तभी सवाल है कि अगर प्रियंका नहीं करेंगी तो कौन करेगा? कायदे से यह काम कांग्रेस के संगठन महामंत्री को करना चाहिए लेकिन सबको पता है कि केसी वेणुगोपाल को देश के ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस के ही नेता नहीं जानते हैं तो वे दूसरी पार्टी के नेताओं से क्या बात करेंगे। कमलनाथ यह काम कर सकते थे लेकिन उन्होंने अपने को पूरी तरह से मध्य प्रदेश में सीमित किया है और अशोक गहलोत भी राजस्थान से बाहर नहीं निकलना चाहते हैं। सो, ले-देकर कांग्रेस के पास दो नेताओं का विकल्प बचता है। या तो पी चिदंबरम सभी विपक्षी नेताओं से बात करेंगे या दिग्विजय सिंह। तभी कांग्रेस अध्यक्ष ने हाल में जो तीन कमेटियां बनाई हैं उनमें से एक के अध्यक्ष चिदंबरम हैं और दूसरे के दिग्विजय।

> पिछले आठ वर्षों में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की अवधारणा साकार हुई है। हम एक नए भारत के पुनर्निर्माण के लिए कटिबद्ध हैं, जहां सबके लिए समान अवसर हों और सब खुशहाल हों। आइए, आजादी के अमृत महोत्सव में हम सब मिलकर संकल्प लें कि भारतवर्ष को विश्वगुरु के पद पर पुन: प्रतिष्ठित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खूब परिश्रम करेंगे और देश को समृद्ध बनाएंगे।

# सेवा और गरीब कल्याण के आठ वर्ष

जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के आठ सफल वर्ष पूरे हो रहे हैं। आठ वर्षों की यह यात्रा जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के दंश से ग्रसित देश की राजनीति पर विकासवाद की जीत की अविरल यात्रा है। यह देश के लोकतंत्र को मजबूती देते हुए गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, युवाओं एवं समाज में हाशिये पर खड़े हर व्यक्ति के सशक्तीकरण एवं उनके जीवन में उत्थान लाने की यात्रा है। यह 'देश में कुछ भी नहीं हो सकता है' के अंधकार पर 'देश यदि ठान ले, तो सब कुछ संभव है' के विश्वास की यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश के प्रति विजन को 135 करोड़ देशवासियों ने जिस तरह से आत्मसात करते हुए जमीन पर उतारा है, उसने यह सिद्ध किया है कि सही नेतृत्व हो और नेतृत्व के पास नीति एवं नीयत हो, तो हर चुनौती से पार पाते हुए सफलता की बड़ी लकीर खींची जा सकती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल ही नहीं रहा है, अपितु विकास की नई परिभाषा भी गढ़ रहा है। आजादी के अमृतकाल में देश ने अपने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में जिस तरह से चुनौती की चट्टानों पर विकास-पथ का निर्माण किया है, वह बेमिसाल है। पिछले आठ वर्षों में देश की गरीबी 22 प्रतिशत से घट कर 10 प्रतिशत से नीचे आ गई है। अत्यंत गरीबी की दर एक प्रतिशत से भी कम 0.8 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। पिछले 8 वर्षों में देश की प्रति व्यक्ति आय के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भंडार भी लगभग दोगुना हुआ है। आजादी के 70 साल में देश में केवल 6.37 लाख प्राइमरी स्कूल बने, जबकि नरेन्द्र मोदी सरकार के केवल आठ वर्षों में लगभग 6.53 लाख प्राइमरी स्कूल बने। आठ साल में देश की साक्षरता 6 प्रतिशत से अधिक बढ़ी, जो विशिष्ट उपलब्धि है। विगत आठ वर्षों में देश में 15 नए एम्स का निर्माण हुआ। डॉक्टरों की संख्या भी पिछले आठ साल में 12 लाख से ज्यादा बढ़ी है। आठ साल में भारत का सड़क नेटवर्क दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। सौर और पवन ऊर्जा क्षमता बीते पांच सालों में दोगुनी हुई।

देश में खाद्यान्न उत्पादन लगातार नया रिकॉर्ड बना रहा है। 2012-13 में देश में खाद्यान्न का उत्पादन 255 मिलियन टन था, जो 2021 में बढ़कर 316.06 मिलियन टन हो गया है। यह आजादी के बाद अब तक का रिकॉर्ड उत्पादन है। कोविड जनित मंदी के बावजूद पिछले वित्त वर्ष में 418 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात हुआ। नरेन्द्र मोदी सरकार के आठ वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए जितने काम हुए, उतने आजादी के 70 सालों में भी न हुए। पिछले दो वर्षों से मोदी सरकार 3.40 लाख करोड़ रुपये की लागत से देश के लगभग 80 करोड़ लोगों तक जरूरी राशन मुफ्त पहुंचा रही है। यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न वितरण योजना है। इस कदम की पूरे विश्व ने सराहना की है। आयुष्मान भारत के रूप में देश में पहली बार आमजन को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिला। पहली बार किसानों और मजदूरों के लिए मासिक पेंशन की व्यवस्था हुई। पहली बार किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना शुरू हुआ। ऑर्गेनिक खेती को लेकर भी पहली व्यवस्थित नीति हमारी सरकार ने ही बनाई।

सरकार की योजनाओं ने न केवल देशवासियों को सशक्त बनाया, बल्कि देश के अर्थचक्र को भी मजबूत किया। यही कारण है कि बदले हुए वैश्विक परिवेश के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनी हुई है और भारत की विकास दर दुनिया में लगातार अधिक बनी हुई है। आत्मनिर्भर भारत अभियान, वोकल फॉर लोकल, गति शक्ति योजना, प्रोडक्ट लिंक इंसेंटिव और मोनेटाइजेशन जैसी योजनाओं ने देश को विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया है।

पहले समस्याओं को ही नियति मान लिया जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी समस्याओं का स्थाई समाधान कर देश को इनोवेटिव अप्रोच के लिए तैयार किया। प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर अनुच्छेद 370 धराशायी हुआ, अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अब तक 1,800 अप्रासंगिक पुराने कानूनों में से 1,450 को खत्म किया जा चुका है। देश की विदेश नीति ने एक नया इतिहास रचा है। आज पूरी दुनिया में भारत की विदेश नीति की सराहना होती है। पहली बार देशहित में विदेश नीति का रूपांतरण हुआ है। इराक, यमन, अफगानिस्तान से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध तक, भारत के बचाव और राहत अभियान की तो पूरी दुनिया कायल है। चाहे आतंकवाद का विषय हो, वैकल्पिक ऊर्जा का विषय हो, अंतरराष्ट्रीय सौर-ऊर्जा संगठन की बात हो, कार्बन उत्सर्जन का विषय हो, रूस-यूक्रेन युद्ध की बात हो, क्वाड हो या अमेरिका, फ्रांस, जापान, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ-साथ पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंध हों, हर अवसर पर भारत की विदेश नीति शानदार रही है। प्रधानमंत्री ने देश की महान सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए प्रगति को नया आयाम दिया है।

पिछले आठ वर्ष में भाजपा ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सफलता केनए कीर्तिमान रचे हैं। 18 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी बनी है। 2014 में सात राज्यों में भाजपा और हमारे सहयोगियों की सरकारें थीं। आज 18 राज्यों में हमारी सरकारें हैं। पहली बार राज्यसभा में भाजपा 100 के आंकड़े तक पहुंची है। गुजरात से लेकर जम्मू-कश्मीर तक और राजस्थान से लेकर हैदराबाद तक, स्थानीय निकाय चुनावों में भी भाजपा ने इतिहास रचा है।

आजादी के अमृतकाल में पहली बार देशवासियों को यह एहसास हुआ है कि केंद्र में उनकी सरकार है, जो उनके लिए काम करती है। पिछले आठ वर्षों में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की अवधारणा साकार हुई है। हम एक नए भारत के पुनर्निर्माण के लिए कटिबद्ध हैं, जहां सबके लिए समान अवसर हों और सब खुशहाल हों। आइए, आजादी के अमृत महोत्सव में हम सब मिलकर संकल्प लें कि भारतवर्ष को विश्वगुरु के पद पर पुन: प्रतिष्ठित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खूब परिश्रम करेंगे और देश को समृद्ध बनाएंगे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पत्रकारिता की चुनौतियां औहर वह बेमिसाल उदंत मार्तण्ड

किंशुक पाठक, असिस्टेंट प्रोफेसर, जनसंचार



उदंत मार्तण्ड के रूप में आज से करीब 200 साल पहले हिंदी पत्रकारिता का जो बिरवा उगा था, वह अब बटवृक्ष का रूप ले चुका है। 30 मई, 1826 से प्रकाशित इस साप्ताहिक पत्र का जीवन हालांकि बहुत छोटा रहा, कुल 79 अंक ही इसके प्रकाशित हो सके, पर यह एकल प्रयास हिंदी पत्रकारिता के भविष्य की नींव बन गया। उत्तर प्रदेश के पंडित युगल किशोर सुकुल ने इसके लिए अपना तन-मन-धन सर्वस्व समर्पित कर हिंदी में मिशनरी पत्रकारिता की एक प्रेरक गाथा लिख दी। दरअसल, उन्हें गहराई से यह महसूस हुआ कि अंग्रेजी में तो अनेक पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित हो रही हैं, परंतु हिंदी का अपना कोई समाचार पत्र नहीं। हिंदी के पाठक वर्ग को भी एक ऐसे अखबार की आवश्यकता थी, जो उनकी भाषा में देश-दुनिया के सच से उन्हें रूबरू करा सके। तब अनेक प्रकार के खतरों की परवाह किए बगैर निजी संसाधनों से सुकुल जी ने यह समाचार पत्र निकाला।

सिद्धांत में मीडिया को 'मैजिक मल्टीप्लायर' कहकर परिभाषित किया गया है। इस 'जादुई विस्तार' की शक्ति के मूल में छापाखाने का आविष्कार था। तब सिर्फ प्रिंट मीडिया यानी अखबार ही थे। उदंत मार्तण्ड ने इस 'विस्तार' की जो नींव रखी, वह हिंदी मीडिया के विस्तार का आधार बनी। आज भारत विश्व में विभिन्न भाषाओं में समाचार पत्र-पत्रिकाओं का सबसे बड़ा प्रकाशक है। समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार के यहां उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में एक लाख से अधिक समाचार पत्र और 17 हजार पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं, जिनमें हिंदी के पत्रों की संख्या सर्वाधिक है। संविधान से मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं में प्रकाशित पत्रों में हिंदी के समाचार पत्रों की संख्या 46 प्रतिशत है।

पत्रकारिता में भाषा का खासा महत्व है। उदंत मार्तण्ड की भाषा उस समय की उर्दू-फारसी मिश्रित प्रचलित हिंदी थी। पत्र के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए हिंदी, फारसी और उर्दू के विद्वान सुकुल जी ने लिखा है, 'हिंदीभाषी अपनी निज भाषा में ही सत्य समाचार पढ़कर उसका आनंद लें।... सूर्य के निकलने से जहां कमल खिलता है, वहीं इस पत्र का नाम लेने पर आनंद प्राप्त होता है।' भाषा के संबंध में उदंत मार्तण्ड के सिद्धांत इस पत्र के अंकों के अध्ययन से स्पष्ट है- पत्र की भाषा 'सामान्य जन की भाषा' होनी चाहिए। आज की पत्रकारिता में भाषा को लेकर कई तरह की चुनौतियां हैं। हिंदी समाचारपत्रों में वर्तनी की एकरूपता को लेकर दशकों पुराने प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। सोशल मीडिया की बढ़ती लोकप्रियता और ताकत ने हिंदी में भाषायी अराजकता को बढ़ाया है। इस पर अंकुश अब अत्यंत कठिन प्रतीत होता है। संचार की भाषा के लिए यह चुनौती गंभीर है। पत्रकारिता दिवस इस अराजकता को दूर करने के लिए हमें प्रेरित करता है।

आज की पत्रकारिता में नैतिक क्षरण एक बड़ा मुद्दा होना चाहिए। इसे 'जल्दबाजी में लिखा गया साहित्य' कहा तो गया है, किंतु साख, सरोकार और मिशनरी तत्व इसकी मूल आत्मा हैं। वर्तमान दौर में 'डिस्क्लेमर', भूल सुधार आदि को सहारा मानकर तथ्यों, समाचारों, विचारों को ठीक से न प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति पत्रकारिता के लिए घातक है और इसकी साख को लेकर तमाम तरह के प्रश्न खड़े करती है।

उदंत मार्तण्ड नाम ही इस पेशे से जुड़े नैतिक पहलू को स्पष्ट का करता है। बोलचाल में उदंत मार्तण्ड का अर्थ लगाया जाता रहा है- उगता हुआ सूर्य, लेकिन इसके निहितार्थ कहीं गहरे हैं। 'उदंत' शब्द का अर्थ होता है 'समाचार' तथा 'मार्तण्ड' का 'सूर्य'। जाहिर है, सुकुल जी द्वारा प्रकाशित उदंत मार्तण्ड का एक अर्थ है- समाचार सूर्य। यह पत्र अपने समय का समाचार रूपी सूर्य ही था, जिसके प्रकाशन का उद्देश्य हिंदी पाठकों को सच्ची सूचनाओं तथा समाचारों के सकारात्मक प्रकाश से युक्त करना था।


हिंदी के प्रथम समाचार पत्र और इसके संपादक के दो संकल्प स्पष्ट हैं- 'सत्य समाचार' और 'साहस'। 'सत्य' को समाचारों की आत्मा मानने के संकल्प के साथ उदंत मार्तण्ड का प्रकाशन शुरू हुआ। स्पष्ट है, 196 साल पहले भी समाचार पत्र का प्रकाशन साहस या जोखिम का काम था। पत्रकारिता अपने प्रारंभिक दौर से ही 'मिशन' थी और आज भी 'मिशन' है। उदंत मार्तण्ड का यह प्रेरक संदेश है।

आज की पत्रकारिता के आगे तकनीक और माध्यम की चुनौतियां तो अपनी जगह हैं ही, 'फेक न्यूज' ने उसकी साख के लिए एक बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। ऐसे में, हिंदी के पत्रकार कम से कम उदंत मार्तण्ड को याद कर सकते हैं। यह अकेला समाचारपत्र आज भी किसी दीपस्तंभ या 'लाइट हाउस' की भांति संपूर्ण पत्रकारिता तथा समाज के मार्गदर्शन के लिए उपयोगी और प्रासंगिक है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





जिंदगी जीनी है
बिना गिला-
शिकवा के बहुंत
कुछ पर्याप्त है
इस जीवन में।
-अंजली जैन
7024460938

# रिश्वत के बिना नेता कैसा?

वेद प्रताप वैदिक

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वह काम कर दिखाया है, जो आज तक देश का कोई प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री नहीं कर सका। क्या आपने सुना है कि किसी मंत्री को उसके अपने मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के आरोप में बर्खास्त ही नहीं किया बल्कि गिरफ्तार करवा दिया? मुख्यमंत्री मान ने अपने स्वास्थ्य मंत्री डा. विजय सिंगला के खिलाफ यह ऐसी सख्त कार्रवाई की है, जिसका अनुकरण देश के हर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को करना चाहिए। सिंगला और उसके ओएसडी प्रदीपकुमार को इसलिए गिरफ्तार किया गया कि उन दोनों ने किसी ठेकेदार से 2 प्रतिशत रिश्वत मांगी। 58 करोड़ रु. के काम में यह रिश्वत बनती है, 1 करोड़ 16 लाख रु.! ठेकेदार ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर दी। यह शिकायत 21 अप्रैल को की गई थी। मुख्यमंत्री ने इस मंत्री पर निगरानी बिठा दी। जब कल सिंगला को बुलाकर पूछताछ की गई तो उसने भगवंत मान के सामने रिश्वत की बात कबूल कर ली। प्राय: रिश्वतखोर नेता ऐसी बातों को कबूल करने से मना करते हैं और उन्हें किसी बहाने के आधार पर मंत्रिपद से हटा दिया जाता है।

मुझे कई मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्रियों ने कई बार अपने ऐसे मंत्रियों के गोपनीय किस्से बताए हैं लेकिन असली सवाल यह है कि देश में कौनसा ऐसा नेता है, जो यह दावा कर सके कि सत्ता में रहते हुए उसने कभी रिश्वत नहीं ली है? ये बात अलग है कि कई बार लोग कुछ काम करवाने के लिए रिश्वत देने को मजबूर होते हैं और कई बार लोग रिश्वत को नजराने के तौर पर देते रहते हैं ताकि काम पड़ने पर उस रिश्वतखोर की मदद ली जा सके।

भारत की ही नहीं, सारी दुनिया की राजनीति का चरित्र ही ऐसा बन गया है कि रिश्वत के बिना उसका काम चल ही नहीं सकता। किस-किस देश के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों पर भ्रष्टाचार के मुकदमे नहीं चले हैं और कौन-कौन हैं, जिन्होंने जेल नहीं भुगती है? वे भाग्यशाली हैं, जो जेल जाने से बच गए हैं। लगभग डेढ़-दो हजार साल पहले 'नीतिशतक' में महाराजा भर्तृहरि ने लिखा था कि ''राजनीति वेश्या की तरह है। वह बहुरुपधरा है। वह जमकर खर्च करती है और उसमें नित्य धन बरसता रहता है।'' इसीलिए सिंगला की पकड़ाई पर मुझे आश्चर्य नहीं हुआ।

आश्चर्य तो इस बात पर है कि इसी तरह के आरोपों पर अन्य राज्यों और केंद्र में क्या हो रहा है? क्या हमारे सारे मंत्री और अफसर दूध के धुले हैं? नेता लोग जो रिश्वत लेते हैं, उसका बड़ा हिस्सा प्राय: उनकी पार्टी के काम आ जाता है लेकिन उनकी देखादेखी जो अफसर रिश्वत खाते हैं, वे उसे पूरी तरह हजम कर जाते हैं। वे डकार भी नहीं लेते। झारखंड में अभी ऐसा ही एक मामला पकड़ा गया है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239



























# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया

## अस्पताल में उपलब्ध अधोसंरचना का बेहतर से बेहतर उपयोग करें : मंत्री टी.एस. सिंहदेव

श्रीकंचपथ न्यूज

**महासमुंद।** प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज महासमुंद आकस्मिक पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं का अवलोकन एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



उन्होंने दवाई स्टोर, डायलिसिस सेंटर, हमर लैब, माइक्रोबायोलॉजी विभाग सहित अस्पताल के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां वार्ड के मरीजों और स्वास्थ्य सुविधाओं को देखा। साथ ही फार्मासिस्ट से दवाओं की जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में मरीजों के लिए आवश्यक मात्रा में दवाइयां भंडारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भर्ती मरीजों और परिजनों से उपचार, व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पूरे अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। अस्पताल, ऑक्सीजन प्लांट, पोषण पुनर्वास केन्द्र (एन.आर.सी.) में भर्ती बच्चों के पोषण एवं अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों की जानकारी ली। अस्पताल को स्वच्छ रखने और ओपीडी एवं भर्ती मरीजों का संवेदनशीलता के साथ उपचार करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री टी.एस सिंहदेव ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि अस्पताल में उपलब्ध अधोसंरचना का बेहतर से बेहतर उपयोग करें। जिले के साथ-साथ राज्य के सभी अस्पतालों का निरीक्षण कर बेहतर इलाज के लिए व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयों का भंडारण, बिस्तरों की व्यवस्था, आवश्यक जांच मशीन के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना भी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शहर के मोहल्लों में हमर क्लीनिक के नाम से अस्पताल स्थापित किए जा रहे है। इन अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की जाएगी। इन अस्पतालों के स्थापित होने से जिला चिकित्सालय में ओ.पी.डी. की संख्या में कमी आएगी। जिला चिकित्सालय में मरीजों के बेहतर इलाज करने के लिए चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल को सर्व सुविधायुक्त बनाए रखने की बात कही। ताकि विशेष परिस्थितियों में आने वाले मरीजों को इलाज में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अस्पताल में विशेषज्ञों, चिकित्सकों एवं स्टॉफकी जानकारी ली।

## शुद्ध पेयजल आपूर्ति हमारी सरकार की प्राथमिकता इस हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है - रेखचंद जैन

श्रीकंचपथ न्यूज

जगदलपुर। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के चार ग्राम पंचायत आमागुडा,ग्राम पंचायत करनपुर के आश्रित ग्राम रामपाल,ग्राम पंचायत गारावंड खुर्द एवं ग्राम पंचायत हल्बा कचोरा में सामाजिक कार्यों के निष्पादन के लिए पानी टैंकर प्रदान की।



इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप हर ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है आज इसी कड़ी में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमागुडा, करनपुर के आश्रित ग्राम रामपाल ,गारावंड खुर्द एवं हल्बा कचोरा में सामाजिक कार्यों एवं सुख दुख के कार्यों के लिए पानी टैंकर प्रदान की जा रही है इस क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग थी जिसे आज पूरा किया गया है उन्होंने कहा की भाजपा के पंद्रह साल के शासन में जो क्षेत्र उपेक्षित थे उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है आज आपके ग्राम पंचायत में पानी टैंकर उपलब्ध होने से आपके पंचायत में सुख दुख के सामाजिक कार्यों में आसानी होगी।

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ जनपद सदस्य ज्योति राव,ब्लाक अध्यक्ष विरेन्द्र साहनी शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गौरनाथ नाग, हेमू उपाध्याय, पार्षद सूर्या पाणी, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा इंटक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय सिंह वरिष्ठ नेता विक्की निषाद, सरपंच आमागुडा भगतराम बघेल,उप सरपंच शोभाराम कश्यप, हल्बा कचोरा सरपंच प्रकाश कश्यप,उप सरपंच लोकनाथ बघेल, वरिष्ठ नेता पीलाराम सोनी,रमेश सोनवानी, चैतुराम जिराम, श्रीमती बृन्दा,बाराश्रीमती एवं भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खास खबर

### कैवल्यधाम जैन तीर्थ में 15 दिवसीय जैन संस्कार बालिका शिविर

**रायपुर।** कैवल्यधाम जैन तीर्थ में 15 दिवसीय जैन संस्कार बालिका शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बच्चे जीवन संस्कार के नए-नए गुण सीख रहे हैं। सुबह बच्चों द्वारा नवाणु यात्रा की जा रही है जिसमें सभी बच्चे कैवल्यधाम तीर्थ के मंदिरों में विधिवत वंदना कर रहे है। इसके बाद पूजा पाठ संपन्न करके गुरु भगवंतों के प्रवचन से ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। रविवार को शिविर में ट्रेनर राजेश सांखला ने इफेक्टिव पब्लिक स्पिकिंग की क्लास ली। उन्होंने कहा कि आप जिस विषय पर, जिस जगह और जिन लोगों के सामने स्पीच देने वाले हैं, उनके अनुसार अपनी तैयारी करें। इसके लिए लगातार प्रेक्टिस करते रहे। आपका कंटेंट अच्छा होना चाहिए। हमेशा ऐसी बातें करें जिससे ऑडियंस आपसे जुड़े रहे। लोगों से आई कनेक्ट बना कर रखें। आप जिस भी विषय पर अपनी बात कह रहे है उसके प्रति सकारात्मक रहें। खुद में आत्मविश्वास और उत्साह रखें। भाषण के लिए जितना समय दिया गया है उतने में ही अपनी बात पूरा करने की कोशिश करें। उन्होंने इस दौरान स्टेज के फियर को दूर करने के लिए सभी को एक एक करके स्टेज में आकर बोलने के लिए भी कहा गया।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस कल मनाया जाएगा

**रायपुर।** तंबाकू सेवन से केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि इससे मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचता है । तंबाकू से बने उत्पादों के सेवन करने वालों को कई प्रकार की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं । इसके बाद भी लोग बड़ी संख्या में तंबाकू (बीड़ी, सिगरेट, गुटखा आदि) का सेवन करते हैं। तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के तहत तंबाकू का सेवन न करने के प्रति जन-जागरूकता के लिए जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे ।

छायाचित्र प्रर्दशनी के माध्यम से लोगो को मिल रही सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी

## गौठान के माध्यम से महिलाओं में नई ऊर्जा का हुआ संचार

श्रीकंचपथ न्यूज

### दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का मिल रहा लाभ

**रायपुर।** रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में विकासपरक राज्यस्तरीय छायाचित्र प्रर्दशनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलाव और विकास कार्यों की उपलब्धियों को दिखाया जा रहा है। आज कवर्धा जिले के पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने प्रर्दशनी को देखा और सराहा।



प्रर्दशनी का अवलोकन करने के बाद कवर्धा के विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सभी वर्गो के आर्थिक उत्थान के लिए योजनाओं का संचालन कर रही है। ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। महिला सशक्तिकरण के सपनों को सफल करने सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से डॉक्टर अब घर-घर पहुंच कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। ग्राम चिल्फी, लूप, सर्वोदय दादर, सालहेवारा जैसे दुर्गम क्षेत्रों से ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

इसी तरह पंडरिया विकासखंड के ग्राम पवनी, अमरपुर, मांठपुर, चारभाटा आदि के ग्रामीणों ने सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत सरकार द्वारा विभिन्न किश्तों में दी जा रही राशि जरूरत के समय मिल रहा है। किसानों को अब तीज त्योहारों और किसानी के लिए कर्जा लेने से मुक्ति मिली है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भूमिहीन मजदूर, महिला और युवा लाभान्वित हो रहे हैं। कवर्धा जिले के बोड़ला ब्लाक के ग्राम पंचायत उसरवाही, समुहपिपर, तारो, बोलदाकला, दुर्जनपुर आदि के पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सरपंच श्री घनश्याम साहू और सरइपतेरा की सरपंच श्रीमती कचराबाई गंधर्व ने सरकार की सभी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि गौठान के माध्यम से महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। महिलाएं अब आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ रही है। महिलाओं के जीवन में खुशहाली आयी है।

इसके अलावा सुराजी गांव योजना और गोधन न्याय योजना से लोगों को गांव में ही रोजगार मिल रहा है। कवर्धा जिले से आए पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि छायाचित्र प्रर्दशनी के माध्यम से लोगो तक सभी शासकीय योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। इन योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तकों एवं पंपलेट के माध्यम से भी मिल रही है।

## रायपुर को स्वच्छतम बनाने महा अभियान

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** महापौर एजाज ढेबर के आह्वान पर स्वच्छतम शहर के रूप में रायपुर को पहचान दिलाने नगर निगम द्वारा संचालित महा अभियान में आज दूसरे रविवार को भी कई एन जी ओ अपनी भागीदारी निभाते हुए तालाबों की सफाई में जुटे। अपने गोद लिए वार्ड में एन जी ओ ने जागरूकता कार्यक्रम का संचालन भी किया जिसमें वार्ड पार्षद, स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भी हिस्सा लिया।

रविवार की सुबह नगर निगम के जोन व स्वच्छता टीम के साथ रिटायर्ड सैनिकों, स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, गीला सूखा कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज्ड प्लास्टिक का उपयोग रोकने भी आम लोगों को जागरूक किया गया।

इस महाअभियान में एन जी ओ ग्रीन आर्मी ऑफरायपुर ने अमलीडीह जोन देवपुरी वार्ड में पौधों का रोपण किया, सुरक्षित भव फाउंडेशन तथा सार्वजनिक दशहरा एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा चौबे कॉलोनी स्थित स्वामी आत्मानंद सरोवर तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड 31 के शीतला तालाब खम्हारडीह, एक्स आर्मी फाउंडेशन द्वारा मुरूम तालाब कोटा, गायत्री परिवार जन सहयोग समिति द्वारा वीर शिवाजी वार्ड के शीतला मंदिर तालाब खमतराई, कुछ फर्ज हमारा भी फाउंडेशन द्वारा सरजूबंध तालाब टिकरापारा, सहयोग एक कोशिश द्वारा अपना तालाब अमलीडीह, प्रदेश मुस्लिम समाज कल्याण सोसायटी तथा सफलता एक प्रयास एन जी ओ द्वारा संयुक्त सफाई अभियान चलाकर काली माता वार्ड 11 के पंडरी तालाब की साफ सफाई नगर पालिक निगम के कर्मचारियों के साथ मिलकर की।

मुख्यमंत्री के निर्देश का त्वरित अमल

## छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रदेशव्यापी भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम के दौरान दिए निर्देशों का जिला प्रशासन के द्वारा त्वरित अमल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के जगदलपुर प्रवास में स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल का निरीक्षण के दौरान बच्चों से स्वामी आत्मानंद के बारे में जानकारी ली और छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।



मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन करते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों को आज शैक्षणिक भ्रमण हेतु नारायणपुर जिला स्थित स्वामी विवेकानंद आश्रम और अन्य स्थल के लिए रवाना किया गया।

भ्रमण के लिए जा रहे छात्रों को संसदीय सचिव रेखचंद जैन और सीईओ जिला पंचायत रोहित व्यास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल के प्राचार्य सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संस्कार शिक्षण संस्थान ने समर क्लासेस के समापन पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

## विद्यार्थियों के प्रतिभा निखारने लिए जिला में बड़ा मंच संस्कार समर क्लासेस- सांसद चुन्नीलाल साहू

श्रीकंचपथ न्यूज

**महासमुंद।** संस्कार शिक्षण संस्थान के द्वारा समर क्लासेस के समापन अवसर पर सांस्कृतिक रंगारंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन गुरु तेज बहादुर धर्मशाला पिथौरा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद चुन्नीलाल साहू , कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलांचल सेवा समिति बसना के संस्थापक डॉ.सम्पत अग्रवाल, एवं विशिष्ट अतिथि के रुप दिलप्रीत सिंह खनूजा नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिथौरा, दुर्लिकेशन साहू , विक्की सलूजा ,श्रीमती सीमा गौरव चंद्राकर समर क्लास संचालिका पिथौरा उपस्थित रहे।

समारोह का आगाज अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं संस्कार समर क्लासेस के विद्यार्थियों के द्वारा मां सरस्वती की वंदना से किया गया।।

इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में विविध प्रकार के लोकगीत, छत्तीसगढ़ी, उड़िया,हिंदी एवं देश भक्ति गीतों पर नृत्य कर दर्शकों से खूब तालिया व प्रशंसा बटोरी। अतिथियों के हाथो आयोजक समिति के द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू ने समर क्लास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने का मौका मिलता है , महासमुंद जिला में इस तरह का आयोजन एक अलग तरह से किया गया। इस समर क्लास के मंच से बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन कर एक नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों में इतनी शक्ति होती है कि वे अपने भविष्य को आसमान की ऊंचाई तक ले जा सकते हैं।साथ ही विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के पालन पर जोर दिया। अनुशासनहीन व्यक्ति अपनी सही दिशा का चयन नहीं कर सकता। सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए बनाए गए नियमों का पालन करना जरूरी है,तभी आप हर क्षेत्र में कामयाबी हासिल कर सकें।

आप अपने अच्छे आचरणों के साथ आप अपने विद्यालय में गुरुजनों द्वारा दिए गए, निर्देशों का अपने जीवन में अनुशरण करने पर जोर दिया। समर क्लास की संचालिका श्रीमती सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि पिछले दो महीनों से संचालित इस समय क्लास में लगभग 200 बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें गरीब वर्ग के बच्चों के लिए पूर्णता निशुल्क प्रशिक्षण रखा गया था इस समर क्लास के माध्यम से बच्चे अपनी रुचि अनुसार अलग अलग क्षेत्रों में प्रशिक्षण में शामिल हुए। उत्कृष्ट प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दिया गया।

## मुख्यमंत्री के घोषणानुरूप कलेक्टर ने हितग्राही के निवास पहुंचकर 03 लाख का चेक प्रदान किया

श्रीकंचपथ न्यूज

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट-मुलाकात अभियान के तहत बस्तर जिले के दौरे के दौरान किए गए घोषणाओं पर जिला प्रशासन के द्वारा त्वरित अमल करते हुए आज बस्तर कलेक्टर रजत बंसल ने जिले के बस्तर विकासखण्ड के ग्राम कुरूषपाल निवासी कुमारी लोकेश्वरी के निवास में पहुंचकर 03 लाख रूपए का चेक प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि 26 मई को बस्तर विधानसभा के भैंसगांव ग्राम पंचायत में भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भीड़ में रोती हुई बेटी को देख लिया था।

मुख्यमंत्री ने तुरंत ग्राम पंचायत कुरूषपाल की रहने वाली इस बेटी को अपने पास बुलाकर उनकी समस्या सुनी। लोकेश्वरी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके पिता की मौत होने की वजह से अपनी विधवा मां और भाई के साथ अपने मामा के यहां रहने मजबूर है। उन्होंने बताया कि आर्थिक स्थिति खराब होने के वजह से वह स्वयं और उसका भाई पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकेश्वरी की समस्या को तत्काल संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को 03 लाख रूपए की सहायता राशि तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश दिए थे।




## खास खबर

### 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में होगी खरीफ फसलों की बुआई

**रायपुर।** राज्य में इस साल खरीफ सीजन में कुल 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार फसलों की बुआई होगी, जो कि बीते खरीफ सीजन 2021 की तुलना में लगभग 55 हजार हेक्टेयर अधिक है। खरीफ सीजन 2022 के बुआई लक्ष्य निर्धारण में सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि धान का रकबा में बीते खरीफसीजन के तुलना में 5 लाख 39 हजार हेक्टेयर कम कर दिया गया है। जबकि मक्का के रकबे में लगभग एक लाख 9 हजार हेक्टेयर तथा कोदो, कुटकी और रागी के रकबे में लगभग 63 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। धान के रकबे को घटाने के साथ ही कृषि विभाग ने दलहन-तिलहन एवं अन्य फसलों के बुआई रकबे में बीत साल की तुलना में लगभग पौने तीन लाख हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी का लक्ष्य रखा है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन 2021 में राज्य में 47 हजार 65 हजार 190 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हुई थी। खरीफसीजन 2022 में इस लक्ष्य को लगभग 55 हजार हेक्टेयर बढ़ाकर 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर कर दिया गया है। बीते खरीफ सीजन में राज्य में 38 लाख 99 हजार 340 हेक्टेयर में धान की बोनी हुई थी, खरीफ सीजन 2022में इस लक्ष्य को घटाकर 33 लाख 60 हजार 500 हेक्टेयर कर दिया गया है। यानि धान के रकबे में 5 लाख 39 हजार हेक्टेयर की कमी लाने का लक्ष्य है। खरीफसीजन 2022 में मक्का की बुआई 3 लाख 14 हजार हेक्टेयर में होगी, जबकि बीते वर्ष राज्य में 2 लाख 5 हजार हेक्टेयर में मक्का लगाया गया है। कोदो कुटकी और रागी का रकबा भी 63 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर एक लाख 47 हजार हेक्टेयर किया गया है। इस प्रकार राज्य में मोटे अनाज का रकबा भी 2 लाख 88 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 4 लाख 60 हजार हेक्टेयर किया गया है।

राज्य में इस साल खरीफ सीजन में दलहनी फसलों का रकबा 4 लाख 48 हजार हेक्टेयर निर्धारित किया गया है, जबकि बीते खरीफ सीजन में 2 लाख 77 हजार हेक्टेयर में दलहनी फसलों की खेती की गई थी। इसी तरह तिलहनी फसलों के रकबे में एक लाख की बढ़ोत्तरी करते हुए इनका रकबा दो लाख 67 हजार 700 हेक्टेयर कर दिया गया है। खरीफ 2021 में राज्य में एक लाख 66 हजार 670 हेक्टेयर में तिलहनी फसलें लगाई गई थी, अन्य खरीफ फसलों के रकबे में लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है।

### छत्तीसगढ़ ने केन्द्रीय पूल में जमा किया 44.70 लाख मीट्रिक टन चावल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ द्वारा केन्द्रीय पूल के कोटे का चावल जमा कराए जाने का सिलसिला तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के परिपालन में खाद्य एवं मार्कफेड द्वारा उपार्जन केन्द्रों एवं संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव का काम पूरा हो चुका है। कस्टम मिलिंग और केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराए जाने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा अब तक केन्द्रीय पूल में 44.70 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है। चावल जमा कराने के मामले में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में से एक है जिसमें अपने कोटे का लगभग दो तिहाई से अधिक हिस्से का चावल जमा कर दिया है।

गौरतलब है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ को केन्द्रीय पूल में कुल 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल देना है। इस लक्ष्य को हासिल करने राज्य में विशेष रणनीति तैयार की गई, जिसके चलते समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ-साथ उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव एवं कस्टम मिलिंग का काम भी अनवरत रूप से जारी रहा। परिणाम स्वरूप मानसून आने से पहले ही राज्य के सभी 2484 उपार्जन केन्द्रों से लगभग शत-प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। कस्टम मिलिंग का काम तेजी से कराया जा रहा है। जिसके चलते चावल जमा करने में इस साल छत्तीसगढ़ अपने लक्ष्य को हासिल करने के करीब पहुंच गया है। खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.91 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है, जो कि समर्थन मूल्य पर क्रय किए गए 98 लाख मीट्रिक टन धान का लगभग शत-प्रतिशत है। केन्द्रीय पूल में 44.70 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है, जिसमें भारतीय खाद्य निगम में 23.36 लाख मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 21.33 लाख मीट्रिक टन चावल शामिल है।

# भेंट-मुलाकात अभियान

## मुख्यमंत्री ने 146 करोड़ 62 लाख रुपए के 171 विकास कार्यों की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान केशकाल विधानसभा के ग्राम टाटामारी में आयोजित समारोह में 146 करोड़ 62 लाख रुपए के 171 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 40.94 करोड़ रुपए के 43 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 105.67 करोड़ रुपए के 128 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। साथ ही 05.17 करोड़ रुपयों की लागत से 85 देवगुड़ियों के सौंदर्यीकरण के लिए भूमिपूजन एवं 15 देवगुड़ियों के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया।




मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित कार्यों में लोक निर्माण विभाग के 11.17 करोड़ के 01, आदिवासी विकास विभाग के 26.18 करोड़ के 03 कार्य, जिला निर्माण समिति के 1.71 करोड़ का 1 कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 1.12 करोड़ के 37 कार्य शामिल है। साथ ही क्रेडा के 37.27 करोड़ के 02 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 31.34 करोड़ के 06 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 17.46 करोड़ रूपए लागत के 20 कार्य, आदिवासी विकास विभाग के 5.86 करोड़ के 85 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्यिक कर मंत्री कवासी लखमा, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, लोकसभा सांसद दीपक बैज, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सन्तराम नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने नन्हे बच्चे वंश से कहा जल्द ही आएंगे आत्मानंद स्कूल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान छात्र, किसान, श्रमिक सहित सभी प्रकार के लोगों से बड़ी सहजता और आत्मीयता के साथ बात-चीत कर हाल-चाल जानते है। इसी कड़ी में केशकाल विधानसभा के ग्राम टाटामारी में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र नन्हे वंश गोयल के साथ फोटो खिंचाई। मुख्यमंत्री से बात करते हुए नन्हे वंश ने अपने भोले-भाले अंदाज में 'आत्मानंद स्कूल' जरूर आना कहते हुए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने बहुत ही सहजता से वंश की निमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा 'जल्द आएंगे'।



## टाटामारी में टूरिस्ट इंफोर्मेशन सेंटर प्रारंभ




### मुख्यमंत्री ने स्व सहायता समूह बहनों से कराया सेंटर का शुभारंभ

### मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट एवं लोगो का हुआ विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कोण्डागांव जिले में पर्यटन सुविधाओं की जानकारी देने के लिए टाटामारी में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में स्व सहायता समूह बहनों ने टूरिस्ट इंफोर्मेशन सेंटर का लोकार्पण किया। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा इस सेंटर का निर्माण लगभग 25.36 लाख रूपए की लागत से किया गया है। इस टूरिस्ट इंफोर्मेशन सेंटर में प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र का भी बनाया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट पर केन्द्रीत पुस्तिका और लोगो का विमोचन किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने टाटामारी में बनाए गए टूरिस्ट इंफोर्मेशन सेंटर का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन द्वारा कोण्डागांव जिले में पर्यटन संभावनाओं की जानकारी दी गई। टाटामारी के बिहान कैंटीन में कार्यरत महिला समूह की अध्यक्ष लक्ष्मी साहू एवं सदस्य जयंती ध्रुव के हांथों मुख्यमंत्री ने टाटामारी के टूरिज्म इनफॉरमेशन सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ कराया। ज्ञात हो कि कोंडागांव जिले में अपार पर्यटन की संभावनाओं के दोहन और स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट का विकास किया जा रहा है। इसके लिए 03 दिन एवं 02 रातों का पर्यटन पैकेज तैयार किया गया है। जिसमें पर्यटक स्थानीय प्रकृति के सानिध्य में मनोरम वादियों, 20 से अधिक जलप्रपातों, पुरातात्विक अवशेषों, आदिवासी सभ्यता-संस्कृति, प्रागैतिहासिक शैल चित्रों, कोण्डागांव की अनोखी संस्कृति से परिचित हो सकेंगे।

## विकास प्रदर्शनी बनी लोगों के आकर्षण का केंद्र



### लोगों को मिल रही राज्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशीप एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धि के प्रचार-प्रसार के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी से लोगों को उपयोगी जानकारी मिल रही है। 20 मई से 28 जून तक चलने वाली यह विकास प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गई है। इस विकास प्रदर्शनी में लोक कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को फोटो एवं ऑडियो-वीडियो के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है। जिसे देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित सभी आयु वर्ग के लोग आ रहे हैं।

इसी कड़ी में विकास प्रदर्शनी को देखने कबीरधाम जिले के पंडरिया, कवर्धा, बोडला और सहसपुर लोहारा इलाके के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुंचे थे। सभी जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। गौरतलब है कि प्रदर्शनी में आने वाले लोगों के लिए यह प्रदर्शनी स्थल सेल्फी जोन बन गया है। विकास प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं और विगत साढ़े तीन साल के विकास कार्यों पर आधारित प्रकाशन सामग्री और ब्रोशर भी वितरित किया जा रहा है

## राज्य में महुआ फूल का संग्रहण कल तक

### स्मुख्यमंत्री के निर्देश पर बढ़ाई गई है संग्रहण अवधि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर त्वरित अमल करते हुए राज्य में महुआ फूल (सूखा) का संग्रहण बढ़ाकर 31 मई तक किया जाएगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के अंतर्गत विगत दिवस 19 मई को बीजापुर वनमंडल के ग्राम आवापल्ली में पहुंचे थे। वहां ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान संग्राहकों ने बताया कि वर्तमान वर्ष में अधिक मात्रा में महुआ फूल का



उत्पादन हुआ है। इसे ध्यान में रखते हुए वनवासियों संग्राहकों द्वारा संग्रहण अवधि को बढ़ाने की मांग रखी गई थी। मुख्यमंत्री बघेल ने वनवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए मौके पर ही राज्य में महुआ फूल (सूखा) के संग्रहण अवधि को बढ़ाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शीघ्र अमल करते हुए राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा 19 मई से ही आदेश जारी कर महुआ फूल के संग्रहण अवधि को बढ़ाकर 31 मई तक की गई है। पूर्व में यह एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक निर्धारित थी। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य में लघु वनोपजों का संग्रहण सुचारू रूप से जारी है।

इस तारतम्य में प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ संजय शुक्ला ने समस्त प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन को निर्देशित किया है कि अपने-अपने वनमंडल अंतर्गत महुआ फूल (सूखा) क्रय का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि महुआ फूल (सूखा) क्रय हेतु देय राशि संबंधित संग्राहकों के बैंक खाते में हस्तांतरण करना आवश्यक है। इसमें समस्त समूह तथा समितियों को किसी भी वनोपज से महुआ फूल को व्यापारियों से क्रय करना वर्जित है।

## किसानों ने 2.06 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का किया उठाव

**रायपुर।** आगामी खरीफसीजन के मद्देनजर राज्य में किसानों द्वारा विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का समितियों से उठाव किया जा रहा है। अब तक 2.06 लाख टन रासायनिक उर्वरक का उठाव किसानों ने किया है, जो कि भंडारित 6.45 लाख टन का 32 प्रतिशत है। राज्य में इस साल खरीफ सीजन में 13.70 लाख टन रासायनिक उर्वरकों के वितरण का लक्ष्य है। जिसके विरूद्ध अब तक सहकारिता एवं नीजि क्षेत्रों में 6.45 लाख टन उर्वरक का भंडारण किया जा चुका है, जो कि लक्ष्य का 47 प्रतिशत है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारिता एवं नीजि क्षेत्र में अब तक 3 लाख 58 हजार टन, यूरिया, 01 लाख 4 हजार 743 टन डीएपी, 33 हजार 412 टन एनपीके, 23 हजार 253 टन पोटाश, एक लाख 25 हजार 725 टन सुपर फास्फेट का भंडारण है। किसानों को अब तक 01 लाख 18 हजार 88 टन यूरिया, 43 हजार 932 टन डीएपी, 3278 टन एनपीके, 6790 टन पोटाश तथा 33 हजार 598 टन सुपर फास्फेट का वितरण किया जा चुका है। राज्य में विभिन्न प्रकार के कुल 4 लाख 39 हजार 453 टन रासायनिक उर्वरक वितरण हेतु उपलब्ध है। यहां यह उल्लेखनीय है कि बीते साल इसी अवधि तक राज्य के किसानों द्वारा मात्र 65 हजार 553 टन रासायनिक उर्वरक का उठाव किया गया था, जबकि इस साल 2 लाख 5 हजार 686 टन उर्वरक का उठाव किया जा चुका है, जो कि गत वर्ष की तुलना में लगभग 01 लाख 40 हजार टन अधिक है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जीन्स
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# स्तनपान नहीं दूसरी वजहों से महिलाओं के स्तन खो देते हैं खूबसूरती

**स्तन की खूबसूरती सिर्फ ब्रेस्टफीडिंग से ही नहीं बिगड़ती बल्कि आपकी कुछ और गलतियों की वजह से भी बिगड़ती है। महिलाओं को अपने स्तनों से बहुत प्यार होता है क्योंकि यही उनके शारीरिक व्यक्तित्व को निखारते हैं। लेकिन उम्र के साथ यह खूबसूरत अंग ढीले और बेडौल होने लग जाता है। जिसका कारण महिलाएं स्तनपान को मानती हैं। परंतु, एक्सपर्ट्स की मानें तो सिर्फ स्तनपान को बेडौल का कारण मानना गलत है, ऐसी और भी वजहें या कारण है जो इस अंग को प्रभावित करते हैं।**



स्तनपान कराने के कितने फायदे हैं यह तो आपको पता ही है यह बच्चे को सेहतमंद बनाता है साथ ही मां और बच्चे के बीच एक कनेक्शन भी पैदा करता है। मगर, स्तनों के आकार को न बिगाड़ने के चक्कर में कई माएं बच्चे को बाहर का दूध पिलाती हैं। जिससे बच्चे को आगे चलकर कई नुकसान भुगतने भी पड़ते हैं लेकिन आपके स्तन की खूबसूरती सिर्फ ब्रेस्टफीडिंग से ही नहीं बिगड़ती बल्कि आपकी कुछ और गलतियों की वजह से भी बिगड़ती है।

**फैक्ट 1:-** कई महिलाएं सोचती हैं कि स्तनपान उनके स्तनों को ढीला और बेडौल कर सकता है लेकिन एक्सपर्ट की मानें तो सिर्फ स्तनपान से ही नहीं ऐसे और भी कई कारण हैं जो महिलाओं के इस अंग पर दुष्प्रभाव डालते हैं।

**फैक्ट 2:-** एक स्टडी में उन महिलाओं के स्तनों में कोई अंतर नहीं पाया गया जो स्तनपान कराती हैं और जो फिगर को बनाए रखने के लिए बच्चे को फॉर्मूल फीडिंग करवाती हैं। उस स्टडी में निष्कर्ष निकाला गया कि स्तनपान किसी भी रूप में महिलाओं के स्तनों के आकार को प्रभावित नहीं करता।

**फैक्ट 3:-** विशेषज्ञों का एक अवलोकन यह भी रहा कि स्तनपान से स्तन की त्वचा और भी सेहतमंद होती है।

**फैक्ट 4:-** स्तनपान की बजाय महिला की प्रेगनेंसी, स्तनों को प्रभावित करती है। प्रेगनेंसी के दौरान दूध उत्पादन शुरू हो जाता है। जिससे स्तनों का आकार बदलने लग जाता है।

**फैक्ट 5:-** जब आपका वजन बढ़ता है तो छाती के आसपास के लिगामेंट में थोड़ा खिंचाव आता है और यही स्तनों को ढीला बनाता है।

**फैक्ट 6:-** आपके स्तनों के आकार, आकार और दृढ़ता में भी आनुवांशिक कारकों की भूमिका होती है।

**फैक्ट 7:-** दूसरे कारण जैसे उम्र, कई गर्भधारण, धूम्रपान जैसी आदत, शरीर की चर्बी और आपकी गतिविधि का स्तर भी स्तनों के आकार को प्रभावित करता है।

**फैक्ट 8:-** ब्रेस्टफीडिंग से ब्रेस्ट कैंसर और रजोनिवृत्ति से पहले डिम्बग्रंथि के कैंसर का खतरा भी कम होता है।

**फैक्ट 9:-** धूम्रपान छोड़ना, बढ़ते वजन पर नियंत्रण करना, नियमित रूप से व्यायाम करना, सही आंतरिक वस्त्र पहनना और स्तनों को मॉइस्चराइज करने से भी इन्हें बेडौल होने से बचाया जा सकता है।

# गुणों से भरी लीची के लाभ जानकर हैरान हो जाएंगे आप...



गर्मियां आते ही बाजार में हर तरफ लाल-पीलें रंग की मिठी रसीली लीची नजर आने लगती है, जिससे देखकर हर किसी के मुंह में पानी आने लगता है। चाहे बडा हो या छोटा लीची को देखकर कोई भी अपने आपको रोक नहीं पाता। लीची खाने में जितनी स्वादिष्ट होती है, उतनी ही पौष्टिकता से भरपूर है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी और पोटैशियम, बी कॉम्लेक्स कार्बोहाइड्रेट, मैगनीशियम, फॉस्फोरस, लौह जैसे खनिज लवण पाए जाते हैं। जिससे शरीर पूर्ण रूप से स्वस्थ रहता है। लीची में फाइबर अधिक मात्रा में होता हैं जो मोटापा कम करने में मदद करता है। फाइबर हमारे भोजन को पचाने में सहायक होता है। यह शरीर में मौजूद वायरस और संक्रामक रोगों से लडने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है।

## शरीर में पानी का संतुलन ठीक रहता है

लीची गर्मियों में खाने वाला फल है। गर्मी से संबंधित समस्याओं को दूर करती है। लीची की तासीर ठंडी होती है जिसके सेवन से शरीर में पानी का स्तर ठीक प्रकार से बना रहता है और डीहाइड्रेशन की समस्या को दूर करती है।

## कैंसर से बचाव

लीची एक अच्छा एंटीऑक्सीडेंट है। इसमें मौजूद विटामिन-सी रक्त कोशिकाओं के निर्माण और लौहे के अवशोषण में भी मदद करता है। लीची में आल्ट्रावॉयलेट किरणों से शरीर का बचाव करने की खासियत होती है। विटामिन-सी से भरपूर लीची में स्तन कैंसर से लडने के गुण पाए जाते हैं इसके नियामित सेवन से हमारे शरीर में कैंसर के सेल्स ज्यादा नहीं बढ पाते।

## ब्लडप्रेशर रहे कंट्रोल

लीची में पोटैशियम और तांबा अधिक मात्रा में होते हैं जिसका सेवन करने ब्लडप्रेशर नॉरम बना रहता है। यह दिल की धडकन की अनियमितता अथवा अस्थिरता और बीवी को नियंत्रित रखता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है।

## स्किन रहे ब्यूटीफुल

लीची के नियामित सेवन से त्वचा में निखार आता है, साथ ही तैलीय त्वचा में पोषण मिलता है। चेहरे पर पडने वाले दाग-धब्बों में कमी आती है पाचन विकारों को दूर करने के लिए लीची के बीज के पाउडर की चाय पीना चाहिए, यह सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। तंत्रिका तंत्र में होने वाले दर्द में भी राहत मिलती है।

# चलें रंगों की खूबसूरत दुनिया में...



घर को अधिक खूबसूरत बनाने के लिए दीवारों में नए रंग भरकर आकर्षक बना सकते हैं। हर रंग का अपना महत्व होता है और इन रंगों का बेसिक फंडा अगर आपको भी समझ में आ जाए तो आप अपने घर में उसे अलग-अगल तरह से प्ले करके अपना सिग्नेचर स्टाइल क्रिएट कर सकती हैं। तो आप भी अपनाएं कुछ बेहतरीन टिप्स। रंगों की दुनिया हम में जोश भर देती है और एनर्जी प्रदान करती है, वातावरण को शांत व सुन्दर बनाए रखती है। इसलिए घर को सुन्दर बनाए रखने के लिए रंग महत्वपूर्ण हैं। बशर्ते कि रंगों का प्रयोग समझदारी से किया जाए। इसलिए रंगों को चुनते समय कुछ अहम बातों का ख्याल रखना जरूरी है।

**ब्ल्यू:-** यह रंग आंखों को सुकून देता है। जिस कमरे में सनलाइट भरपूर आती हो तो उसके लिए सही है। अगर कमरा छोटा हो तो डार्क ब्ल्यू कलर का इस्तेमाल ना करें। यह रंग हमें तनावमुक्त रहने में मदद करता है।

**येलो:-** कमरे की रोशनी के साथ मूड को भी ठीक करने में क्षमता रखाता है येलो कलर। किसी भी कमरे में यह रंग सूट करता है। अच्छी बात यह है कि हर तरह के फ्लोर के लिए भी परफेक्ट है।

**रेड:-** यह रंग विश्वास, गर्व व शक्ति का प्रतीक है। वाइब्रेंट व हॉट कलर होने की वजह से बेडरूम के लिए सही नहीं माना जाता पर आप इस रंग में कंफर्टेबल फील करते हैं, तो खुल कर प्रयोग करें। इसके प्रयोग से कमरा बडा दिखाता है।

**ग्रीन:-** हल्का ग्रीन कमरे को ब्राइट लुक देता है। इसलिए बिना खिडकी वाले छोटे कमरों के लिए परफेक्ट है जो हमें कूल रखाता है और सुकून देता है।


## रंगों का चुनाव करते समय

- रंगों को चुनते समय अपने घर की जरूरी चीजों का ध्यान अवश्य रखें मसलन कार्पेट व फर्निशिंग, क्योंकि इन्हें तो आप बदलेंगी नहीं।
- ऐसा रंग चुनें जो आपकी पर्सनैलिटी को सूट करें।
- दीवारों पर दो अलग रंग चुनते समय ऐसे रंग चुनें जो एक-दूसरे को कॉम्प्लीमेंट करे। कलर व्हील की मदद से आप रंगों को चुन सकते हैं। यहां कॉन्ट्रास्ट कलर्स भी चुना जा सकता है।

# सम्राट पृथ्वीराज: फिल्म में 6 किलो के कॉस्ट्यूम पहनने पर अक्षय कुमार ने किया रिएक्ट, बोले- वो सच में असली योद्धा थे

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' में पृथ्वीराज चौहान के रोल में नजर आएंगे। फिल्म के प्रमोशन के दौरान अक्षय ने खुलासा किया कि शूटिंग के लिए उन्हें 6 किलो का भारी भरकम कॉस्ट्यूम पहनना पड़ता था। साथ ही एक्टर ने बताया कि उनके कॉस्ट्यूम भले ही इतने भारी थे, लेकिन इतिहास में रियल वॉरियर्स इससे भी ज्यादा भारी कपड़े पहना करते थे।

## पृथ्वीराज के रोल के लिए अक्षय ने पहने 6 किलो के कॉस्ट्यूम



अक्षय ने इतने भारी कॉस्ट्यूम पहनने को लेकर कहा, फिल्म में मैंने जो कपड़े पहने हैं, उनका वजन लगभग 5 से 6 किलो है। हालांकि इतिहास में रियल फाइटर्स जैसे सम्राट पृथ्वीराज चौहान और शिवाजी महाराज इससे भी ज्यादा भारी कॉस्ट्यूम पहना करते थे। जो लगभग 35-40 किलो के होते थे। इसके साथ उन्हें इतनी भारी और बड़ी तलवार भी लेनी होती थी। वो असली योद्धा थे और इतना सब भारी पहनकर मैदान में लड़ा करते थे।

फिल्म के टाइटल को लेकर हाल ही में राजपूत संगठन करणी सेना ने आपत्ति जताई थी। जिसके बाद फिल्म का टाइटल बदलकर 'सम्राट पृथ्वीराज' कर दिया गया। करणी सेना के युवा विंग के अध्यक्ष सुरजीत सिंह राठौर ने कहा, जब फिल्म महान पृथ्वीराज चौहान पर आधारित है, तो वे फिल्म का टाइटल सिर्फ 'पृथ्वीराज' कैसे रख सकते हैं? हम चाहते हैं कि टाइटल को उनके पूरे नाम में बदल दिया जाए और उन्हें सम्मान दिया जाए।

## 3 जून को रिलीज होगी फिल्म

फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा मानुषी छिल्लर भी लीड रोल प्ले कर रही हैं। वे पृथ्वीराज चौहान की पत्नी संयुक्ता के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म से मानुषी बॉलीवुड में अपना डेब्यू भी करने जा रही हैं। डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा ने प्रोड्यूस किया है। 'सम्राट पृथ्वीराज' 3 जून 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# रुबीना दिलैक से लेकर श्वेता तिवारी तक, ये एक्ट्रेसेस पॉपुलर शो में काम करने के बाद भी हुईं जॉबलेस


**स्ट्रगल हर इंसान के लाइफका हिस्सा होता है। चाहे आम आदमी हो या सेलिब्रिटी, हर इंसान की लाइफमें टफफेज जरूर आता है। खासकर टीवी सेलेब्स को एक काम मिलने के बाद दूसरा काम काफी लंबे इंतजार के बाद मिलता है या कभी-कभी नहीं भी मिलता है।**

छोटी बहु से घर-घर में पहचान बनाने वाली रुबीना दिलैक ने बहुत सारे पॉपुलर शो में काम किया है। पर हाल ही में रुबीना दिलैक ने एक बातचीत में कहा था कि उनके पास काम नहीं था और वह घर पर भी नहीं बैठना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी 12' में आने का ऑफर चुना।

ऐसी बहुत सारी टीवी सेलेब्स जिन्होंने लंबे समय तक काम किया फिर ऐसा वक्त आया कि उनके पास काम की कमी हो गई।

## निया शर्मा

निया ने भी अपने करियर में बहुत स्ट्रगल किया है। 'एक हजारों में मेरी बहना है' और 'जमाई राजा' शो में निया मेन लीड रोल में थीं। इन दोनों शो में करीब 9 महीने का गैप था। इस वक्त निया मुंबई में अकेली रहती थीं। उनको किसी दोस्त का सपोर्ट भी नहीं मिला, पर निया ने हिम्मत नहीं हारी। इस बीच निया ने बेली डांसिंग सीखी और खुद को दूसरे कामों में लगाया और नौ महीने गुजार दिए।



## श्वेता तिवारी

श्वेता तिवारी टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। जब एक तरफ श्वेता अपने करियर की बुलंदियों पर थी, तो वहीं दूसरी तरफ उनकी पर्सनल लाइफ में काफी कुछ खराब चल रहा था। इस कारण उनकी प्रोफेसनल भी बहुत प्रभावित हुई। श्वेता की दूसरी शादी भी सक्सेसफुल नहीं रहीं।

इन सब कारणों की वजह से उनके पास कोई काम नहीं था, लेकिन श्वेता ने हिम्मत नहीं हारी और उन्होंने रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 11' में वापसी की। इस शो में वो फिटेस्ट कंटेस्टेंट नजर आई थीं।

## सुमोना चक्रवर्ती

गौरतलब है कि द कपिल शर्मा शो के अलावा सुमोना चक्रवर्ती 'बड़े अच्छे लगते हैं', 'खोटे सिक्के' और 'नीर भरे तेरे नैना देवी' जैसे टीवी शोज में भी नजर आ चुकी हैं। कुछ समय पहले सुमोना चक्रवर्ती ने इस बात पर नाराजगी जाहिर की थी कि टीवी के एक्टर्स को कम समझा जाता है।

सुमोना चक्रवर्ती ने एक पोस्ट शेयर करके कहा था कि वह बेरोजगार हैं और पिछले 10 साल से एक बीमारी से जूझ रही हैं और वो इस बीमारी के चौथी स्टेज पर हैं। अपने पोस्ट में उन्होंने बताया था कि वह साल 2011 से एंडोमेट्रियोसिस बीमारी से लड़ रही हैं।

## उर्वशी ढोलकिया

उर्वशी ढोलकिया 17 साल की उम्र में दो जुड़वां बच्चों की मां बन गई थीं। एक्ट्रेस के पास 'कोमोलिका' के रोल के बाद इनके पास कोई काम नहीं था। दरअसल इस किरदार के कारण उर्वशी को किसी ने कोई बड़ा काम ऑफर नहीं किया। हर कोई उन्हें इस किरदार से जोड़ता रहा, लेकिन उर्वशी इस समय परिवार संग पीसफुल लाइफ जी रही हैं।

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani
Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़रिया कामप्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI<sup>th</sup> XII<sup>th</sup> B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825

भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है
(All IC Work)
मो. - 87199 99358 9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले में आज से निराकरण शिविर शुरू

**धमतरी।** कलेक्टर पी.एस.एल्मा के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक हल्कों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 30 मई से राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिले के छः तहसीलों में कुल 134 शिविर लगाए जाएंगे, इनमें नगरी तहसील में 41, कुरूद में 34, धमतरी में 22, मगरलोड में 15, भखारा में 13 और कुकरेल तहसील में 09 राजस्व शिविर शामिल हैं। इन शिविरों में नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, किसान किताब, जाति, आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित राशनकार्ड जारी किया जाएगा। साथ ही विलबित जन्म प्रमाण पत्र की अनुमति संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। शिविरों में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, पंचायत सचिव, खाद्य निरीक्षक तथा जनपद पंचायतों में पदस्थ राशनकार्ड के प्रभारी उपस्थित रहेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक 30 मई को धमतरी तहसील के अर्जुनी, कण्डेल, कुरूद तहसील के सिर्री, सिवनीकला, बगौद और मगरलोड तहसील के भेण्डरी, भोथीडीह में राजस्व शिविर आयोजित किया जाएगा।

### संसदीय सचिव रेखचंद की अनुशंसा पर 24 हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई

**जगदलपुर।** विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन की अनुशंसा पर प्रभारी मंत्री कवासी लखमा एवं नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया ने 24 हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदान की उनमे रणजीत सिंह सैनी, सुष्मिता देव, विजय नायक, अनुराधा खूटिया,आमना बेगम, कमल दास, सपन पाल, दिनेश वास, प्रह्लाद सुनवानी, छोटूराम शेख मीनाज अहमद, बोटीनाग, आयशा बी, सुंदरी हलदर, संध्या राय, पूर्णिमा राय,भानु दत्ता, राजेश कुमार जोशी, आयुष पानी, आशीष पानी, पूर्णिमा बघेल, सोनश्रीमती मानिकपुरी, रशीद बानों, को कुल पांच हजार की राशि स्वेच्छानुदान मद से विधायक रेखचंद जैन ने प्रदान किया। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस सरकार के द्वारा जो आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, उससे उनके स्व रोजगार को बढ़ाने एवं इलाज कराने में काफी मदद हो जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पुणे के विमान नगर में तक्षशिला खेल परिसर का उद्घाटन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नई दिल्ली ( पीआईबी )।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार की शाम पुणे के विमान नगर में तक्षशिला खेल परिसर का उद्घाटन किया जिसका निर्माण पुणे नगर निगम (पीएमसी) ने किया है। जमीनी स्तर पर खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण के महत्व को रेखांकित करते हुएठाकुर ने पुणे के कॉरपोरेट घराने से अपील की कि वे आगे आएं और अपने सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड के माध्यम से खेल से जुड़ी सुविधाओं के निर्माण के लिए धन मुहैया कराएं।

केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने युवाओं से खेल और फिटनेस को अपनाने का आग्रह करते हुएप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों को याद किया, खेलोगे तो खिलोगे! और कहा कि खेल हमें दृढ़ता सिखलाता है, आत्म-विश्वास पैदा करता है, और नेतृत्व के गुणों का विकास करता है। उन्होंने बताया कि भारत में मोटे लोगों की संख्या सबसे अधिक है और गतिहीन जीवन शैली ने लोगों को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि इसलिएफिटनेस सभी के लिए महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कि यह खेल परिसर क्षेत्र के युवाओं और आम लोगों के लिए बनाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अपने एसी (वातानुकूलुत) कमरों से बाहर आएं,यहां आधे घंटे खेलों का अभ्यास करें। तब आप फिट हो जाएंगे,स्वास्थ्य और उपचार के बिल कम करें, खेल के प्रति रूचि का विकास करें। देश में खेल संस्कृति विकसित करने के बारे में बताते हुए ठाकुर ने कहा कि,जब हमारे बच्चों को खेलने का मौका मिलेगा, तो उनमें खेल के प्रति रुचि विकसित होगी। तब वे देश और विदेश में मैच जीतने के लिए अपने दम पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि एक खेल टूर्नामेंट हमारे शरीर के नसों की लड़ाई है जो दर्शाता है कि एक व्यक्ति मानसिक रूप से कितना मजबूत हो सकता है।


ठाकुर ने कहा कि सरकार खेलों को बहुत महत्व देती है और केंद्र देश भर में खेल के लिए जमीनी स्तर के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि खेलों के लिए बजट, जो पहले लगभग 1,200 करोड़ रुपये हुआ करता था, को बढ़ाकर 3,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है,ताकि खिलाड़ियों पर खर्च करने के लिए अधिक फंड हो।

इसके अलावा, लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टीओपीएस-टॉप्स) के तहत,भारत सरकार सर्वोत्कृष्टखिलाड़ियों के विदेशी प्रशिक्षण की पूरी जिम्मेदारी लेती है, जिसमें उनका आवास, पोषण, उपकरण, विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके अलावा प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 50,000 / - रुपये का मासिक वजीफा भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि,अब खिलाड़ियों को केवल खेलने की जरूरत है।

# अमित शाह ने पंचामृत डेयरी, गोधरा में अनेक विकास कार्यों का शुभारंभ और लोकार्पण किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपनी गुजरात यात्रा के दूसरे दिन आज पंचामृत डेयरी, गोधरा में अनेक विकास कार्यों का शुभारंभ और लोकार्पण किया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पीडीसी बैंक के प्रधान कार्यालय की नई बिल्डिंग का उद्घाटन, 3 मोबाइल अरूवैन का शुभारंभ, 250 वर्गमीटर में बने 30 क्यूबिक मीटर प्रति घंटे की क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन, पंचामृत बटर कोल्ड स्टोरेज एवं मालेगांव (महाराष्ट्र) स्थित डेयरी प्लांट का लोकार्पण और उज्जैन (मध्य प्रदेश) में नए स्थापित होने वाले डेयरी प्लांट का शिलान्यास किया।



कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और केन्द्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आज के पांचों कार्यक्रम तीन ज़िलों (पंचमहल, मालेगांव और उज्जैन) के सहकारी आंदोलन को मजबूत करने वाले हैं। आज पंचमहल, महिसागर और दाहोद जिले के 1598 दूध मंडियां लगभग 73 हजार लीटर दूध उत्पादन का मजबूत संघ बनकर हमारे सामने खडे हैं। 18 लाख लीटर दूध और 300 करोड रूपए का टर्नओवर एक बहुत बडी सफलता है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि सालों से सहकारी आंदोलन के साथ जुडे हुए देशभर के लोगों की मांग थी कि समय के साथ-साथ सहकारी आंदोलन को जितनी मदद की जरूरत थी वो मिले और इसके लिए सहकार से जुड़े लोग पिछली सरकारों से मांग करते रहे लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। आज मुझे ये कहते हुए गर्व होता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक साल पहले पहली बार सहकारी आंदोलन के लिये केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय बनाकर इसे प्राथमिकता देने का काम किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जी ने सहकार के बजट को सात गुना बढाने का काम किया। इसके अलावा सहकारी चीनी मिलों को चीनी के भाव में बढ़ोत्तरी का फ़ायदा मिले इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर लगा कर हटा दिया। तमाम सहकारी संस्थाओ पर मेट कर 18 प्रतिशत था जिसे घटाकर कंपनियों जितना करके सहकारी संस्थाओ को फायदा पहुंचाने का काम भी मोदी जी ने किया है।

मोदी जी ने सरचार्ज को 12 से घटाकर सात प्रतिशत किया। देशभर की सभी मंडियों को कम्प्यूटराइज़्ड करके सीधा नाबार्ड के साथ जोड़ने का कार्यक्रम भी भारत सरकार चला रही है और इसके लिए 6500 करोड़ रूपए ख़र्च किए जाएंगे। अमित शाह ने कहा कि जब भी अमूल के बारे में बात होती है तो देश-विदेश के लोगों की आंखे चौंध जाती हैं। इतना बडा कोऑपरेटिव आंदोलन जिसका 60 हजार करोड रूपए का टर्न ओवर हो, ऐसी कल्पना करना मुश्किल है। मैं आज देश के सहकारिता मंत्री के तौर पर कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की है और पांच साल के अंदर सहकारी क्षेत्र मे बहुत बड़ी क्रांति नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आने वाली है। अनेक नये क्षेत्रों को जोडने की बात हो रही है, उनका डेटाबेस बना रहे हैं, उसके लिये ट्रेनिंग की व्यवस्था कर रहे हैं। क्ष्टस की संख्या तीन गुना करने के लिये हम कानूनी सुधार के बारे में भी सोच रहे हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी जी ने प्राकृतिक खेती को बढावा दिया और गौमाता के रक्षण और संवर्धन के लिये बहुत काम किया है। प्राकृतिक खेती से न सिर्फ़ ऑर्गेनिक प्रोडक्ट के भाव ज्यादा मिलेंगे, उत्पादन भी बढ़ेगा। हाल ही में अमूल ने प्राकृतिक खेती से उपजा ऑर्गेनिक गेंहू का आटा बाजार में उतारा है, इसके बाद सब्जियां भी रखने वाले हैं। अमूल ने लक्ष्य रखा है कि एक साल के अंदर 100 से ज्यादा जिलों में जमीन और ऑर्गेनिक प्रोडक्ट के लिए उसकी गुणवत्ता को सर्टिफ़ाई करने के लिये जल्द ही प्रयोगशाला बनाई जाएगी।

# राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 193.28 करोड़ से अधिक लगे टीके



श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 193.28 करोड़ (1,93,28,44,077) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,44,88,568 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है। 12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 3.37 करोड़ (3,37,83,574) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है।

समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल, 2022 को प्रारंभ की गई थी। भारत में सक्रिय मामले आज 17,087 हैं। सक्रिय मामले, कुल पॉजिटिव मामलों के 0.04 प्रतिशत हैं। नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 98.74 प्रतिशत है।पिछले 24 घंटों में 2,035 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढ़कर 4,26,11,370 हो गई है।

बीते 24 घंटे में कोरोना के 2,828 नए मामले सामने आएं। पिछले 24 घंटों में कुल 4,74,309 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 84.97 करोड़ से अधिक (84,97,99,142) जांच की गई हैं। देश में साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 0.56 प्रतिशत है और दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 0.60 प्रतिशत है।

# 3,004.63 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पारादीप पोत परियोजना को अधिकतम करने के लिए पत्तन को विकसित किया जायेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली ( पीआईबी )।** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालयका लक्ष्य दीर्घकालिक रणनीतिक अवसंरचना से जुड़ी मजबूत दृष्टि और नेतृत्व के आधार पर निवेशकों के विश्वास को सुदृढ़ करना है, जिसमें निवेश योग्य विभिन्न परियोजनायें शामिल हैं, जो आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से स्थायी और व्यावहारिक रूप से सफलतापूर्वक पूरा करने योग्य होतीं हैं। इन दूरदर्शी पहलों में से एक है ङ्क बड़ी धनराशि की लागत वाली पारादीप बंदरगाह परियोजना, जो बंदरगाह को एक विश्व स्तरीय आधुनिक बंदरगाह में बदल देगी, जिसमें पोत के उलटे होने को संभालने की क्षमता होगी। यह निर्णय भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री पूर्वी राज्यों के विकास पर जोर दे रहे हैं।

इस परियोजना में पारादीप पोर्ट पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत निर्माण, परिचालन और स्थानांतरण (बीओटी) के आधार पर पश्चिमी डॉक का विकास करना एवं गहराई बढ़ाने के साथ आतंरिक बंदरगाह सुविधाओं को अधिकतम करना शामिल हैं। परियोजना की अनुमानित लागत 3,004.63 करोड़ रुपये है। इसमें बीओटी के आधार पर नए पश्चिमी डॉक का विकास और चयनित रियायतग्राही द्वारा बड़े पैमाने पर ड्रेजिंग शामिल हैं, जिनकी लागत क्रमशः 2,040 करोड़ रुपये और 352.13 करोड़ रुपये है। इसके अलावा,परस्पर समर्थन परियोजना अवसंरचना उपलब्ध कराने की दिशा में पारादीप पोर्ट 612.50 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि परियोजना की सफलता पारादीप बंदरगाह के मेगा पोर्ट बनने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह पूर्वी राज्यों के विकास के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है। मंत्री ने कहा कि यह परियोजना पोत के उलटे होने को संभालने के लिए पोर्ट की क्षमता को बढ़ाएगी, पोर्ट की क्षमता में 25 एमएमटीपीए का योगदान करेगी। इसके परिणामस्वरूप पोर्ट की दक्षता में सुधार होगा, बेहतर कार्गो व्यवस्था होगी,व्यापार में वृद्धि होगी और रोजगार सृजन समेत सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।

इस परियोजना से बंदरगाह की भीड़-भाड़ कम होगी, समुद्री माल ढुलाई की लागत कम होगी, जिससे कोयले का आयात सस्ता होगाऔर बंदरगाह के निकटवर्ती इलाकों में औद्योगिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। परियोजना के बाद, बंदरगाह बहुत बड़े जहाजों को आसानी से संभाल सकता है जिसके लिए 18 मीटर ड्राफ्ट की आवश्यकता होती है। इसके परिणामस्वरूप लोजिस्टिक्स की लागत में कमी आयेगी और मौजूदा वैश्विक प्रतिस्पर्धी माहौल में आयात-निर्यात (एक्जिम) व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। पारादीप पोर्ट प्राधिकरण को लौह अयस्क के निर्यात के लिए एकल वस्तु पोर्ट के रूप में 1966 में शुरू किया गया था। पिछले 54 वर्षों में, पोर्ट ने विभिन्न प्रकार के एक्जिम कार्गो को संभालने के लिए खुद को विकसित किया है जिसमें लौह अयस्क, क्रोम अयस्क, एल्यूमीनियम सिल्लियां, कोयला, पीओएल, उर्वरक कच्चे माल, चूना पत्थर, क्लिंकर, तैयार स्टील उत्पाद, कंटेनर आदि शामिल हैं। जहाजों के उलते होने को संभालने की सुविधा के लिए परस्पर समर्थन परियोजना अवसंरचना उपलब्धकराएगा, जिसमें ब्रेकवाटर एक्सटेंशन और अन्य सहायक कार्य शामिल होंगे।

# दमखम के साथ आजमगढ़ सीट पर बीएसपी लड़ेंगी लोकसभा उपचुनाव : मायावती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा की दो सीटों पर 23 जून को उपचुनाव होना है। लोकसभा उपचुनाव को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष व यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने बड़ा फैसला लिया है। मायावती ने कहा कि आजमगढ़ लोकसभा सीट पर बीएसपी अपने पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी। कहा कि आजमगढ़ सीट पर पार्टी अपना प्रत्याशी भी काफी पहले घोषित कर चुकी है। हालांकि, मायावती ने रामपुर लोकसभा सीट पर उपचुनाव लड़ने से साफ इनकार कर दिया।

दरअसल, यह बात मायावती ने बीएसपी यूपी यूनिट का दो-दिवसीय जिला व मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक के रविवार 29 मई को प्रेस रिलीज जारी करते हुए कही। मायावती ने कहा कि बसपा सीमित संसाधनों वाली पार्टी है, जिसका मुकाबला बड़े-बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के धनबल पर चलने वाली विरोधी पार्टियों के साम, दाम, दंड, भेद आदि हथकंडों से लगातार होता रहता है।

इसलिए पार्टी और इसके जनाधार को नुमाइशी व शाहखर्ची वाली बैठकों से दूर रहकर छोटी-छोटी कैडर बैठकों के बलबूते मजबूत बनाना होगा। इस दौरान कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव आमचुनाव के नतीजे लोगों के भरपूर लगन व मेहनत के बावजूद आपेक्षित रिजल्ट का नहीं आना किसी दुर्घना से कम नहीं। किन्तु राजनीति व मिशन इसी उतार-चढ़ाव का ही नाम है। इसको समझ कर बी आगे बढ़ते रहना है तथा बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन मिशन की तरह हिम्मत कतई नहीं हारनी है। कोई राजनीतिक घटनाक्रम पार्टी में दोबारा जान फूंक देगा, जिसके लिए सतत प्रयास जारी है।

# तिरुपति : तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, दर्शन के लिए 48 घंटे तक का इंतजार

**हैदराबाद ।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में तिरुमाला मंदिर में भक्तों की लंबी भीड़ लग गई है। भीड़ का अंदाजा से इसी से लगाया जा सकता है कि भक्तों को भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन के लिए 48 घंटे से भी अधिक समय का इंतजार करना पड़ रहा है। मंदिर प्रबंधन की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को एक लाख से अधिक तीर्थयात्री दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। रविवार को भी तीर्थयात्रियों की ऐसी ही संख्या रहने की उम्मीद रही है। मंदिर के मामलों का प्रबंधन करने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के एक प्रवक्ता थलारी रवि ने कहा कि एक लाख से अधिक तीर्थयात्री मंदिर पहुंचे और रविवार को इतनी ही संख्या में आने की उम्मीद है।


































## खास-खबर

### तीन दुकानों में चोरी के बाद दोबारा तलाश रहा था दुकान, पकड़ा गया शातिर

**रायपुर।** खमतराई क्षेत्र में चोरी के लिए घर ढूंढ रहे चोर रिंकू मौर्या (30 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खमतराई पुलिस थाना प्रभारी सोनल ग्वाला ने बताया कि आरोपित ने सप्ताह भर के भीतर तीन चोरियां कर चुका था। उन्होंने बताया कि शनिवार-रविवार की रात गश्त के दौरान भनपुरी चौक के पास संदिग्ध हालत में लोहे की राड लेकर घूम रहे रिंकू को पकड़ा गया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने 20, 26 और 27 मई की रात खमतराई क्षेत्र की तीन दुकानों में चोरी करना और चोरी की नियत से दुकान की तलाश करना स्वीकारा। तलाशी लेने पर उसके जेब से नकदी साढ़े चार हजार रुपये, लोहे आदि जप्त कर मामले में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, रिंकू मौर्या रायपुर का शातिर चोर है। वह पूर्व में भी कबीरनगर, सरस्वतीनगर थाना क्षेत्र में चोरी के कई मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ कोर्ट से गुढ़ियारी पुलिस थाने में दर्ज चोरी के एक प्रकरण में स्थायी वारंट भी जारी किया गया है।

### आबकारी अमले ने भी पकड़ी महुआ शराब, जमीन में गड़ाकर रखा था लहान

**बिलासपुर (ए)।** रविवार को आबकारी अमले ने चकरभाठा क्षेत्र के कुंआ गांव में दबिश देकर 700 किलो महुआ लहान और 10 लीटर शराब जब्त की है। आबकारी उपायुक्त नीतू नोतानी ठाकुर ने बताया कि चकरभाठा क्षेत्र के कुंआ गांव में भारी मात्रा में महुआ शराब बनाने की सूचना मिली थी। इस पर चकरभाठा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए गांव के तालाब के पास जमीन में गड़ाकर रखे 700 किलो महुआ लहान जब्त किया गया। मौके से 10 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इस दौरान चकरभाठा थाना प्रभारी मनोज नायक, आबकारी अधिकारी आशीष सिंह और उनकी टीम मौजूद रही।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के घर चोरी के आरोपित गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** रतनपुर थाना प्रभारी शांत कुमार साहू ने बताया कि गिधौरी में रहने वाली कृष्णा बाई कश्यप आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। चार अप्रैल की रात वे परिवार के साथ घर में ही थीं। रात को उनकी नींद खुली तो एक युवक उनके आंगन की दीवार फांदकर भाग रहा था। अंदर आकर उन्होंने देखा कि चोरों ने उनके कमरे में रखी आलमारी से चांदी की पायल, सोने का लाकेट, एक मोबाइल और नकद 30 हजार रुपये पार कर दिए थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। पूछताछ में पता चला कि गांव में रहने वाला सूरज यादव(22) घटना के बाद से फरार है। इस पर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार की सुबह पता चला कि युवक अपने घर आया है। इस पर पुलिस ने गांव में घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी किशन सारथी(26) के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने 10 हजार रुपये नकद जब्त किया है।

### शादी टूटने पर युवती को बुलाकर की पिटाई

**बिलासपुर (ए)।** तीन साल पहले सगाई के बाद शादी टूटने से नाराज युवक ने युवती को बुलाकर पिटाई कर दी। मारपीट से घायल युवती ने इसकी शिकायत तोरवा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपित युवक की तलाश कर रही है। तारबाहर थाना क्षेत्र के कंस्ट्रक्शन कालोनी में रहने वाली युवती नौंवी कक्षा की पढ़ाई के बाद घर में ही रहती है। तीन साल पहले उसका रिश्ता लोको कालोनी में रहने वाले अमन चौहान से तय हुआ था। शादी के बात युवती के स्वजन को पता चला कि युवक आए दिन नशा करता है। इसके कारण युवती के स्वजन ने रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद से अमन युवती से संपर्क कर शादी के लिए दबाव डाल रहा है। इसी बीच युवती की शादी दूसरी जगह पर तय हो गई। इसकी जानकारी होने पर युवक ने उसे मिलने के लिए बुलाया। युवती ने कई बार मना किया तो उसे अपने मोबाइल में मौजूद दोनों के फोटो के का अपने हाथ से डिलीट करने कहा। कई बार बुलाने पर युवती अपने भाई को लेकर उससे मिलने के लिए एनई कालोनी तोरवा चली गई। वहां पर युवक ने उस पर शादी करने के लिए दबाव बनाया। इसका विरोध करने पर वह गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

# कोरबा से अपने दोस्त के साथ आ रहा था बिलासपुर, दूसरे की हालत गंभीर

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं, बाइक में बैठे दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया है। इस हादसे में बाइक सवार युवक के सिर में गंभीर चोंटें आई और उसकी बाइक ट्रेलर के बीच में फंस गई। वहीं, दूसरा युवक सड़क से दूर जा रहा गिरा। घटना सीपत थाना क्षेत्र की है।



जानकारी के अनुसार कोरबा के पुरानी बस्ती में रहने वाले किरण कुमार बिलासपुर में किराए के मकान में रहकर काम करता था। रविवार दोपहर वह कोरबा निवासी मोनू कुमार उरांव के साथ बाइक से बिलासपुर आ रहा था। दोपहर करीब तीन बजे दोनों सीपत पहुंचने वाले थे। इससे पहले ही ग्राम गुड़ी के आगे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को ठोकर मार दिया। इस हादसे में उनकी बाइक ट्रेलर के नीचे जा घुसी। हादसे में किरण कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

#### घायल को पहुंचाया अस्पताल, रायपुर रेफर

इस हादसे में बाइक सवार मोनू उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से इलाज के लिए सिम्स भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद ट्रेलर छोड़कर आरोपी चालक फरार हो गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

#### आधार कार्ड से हुई पहचान परिजन को दी सूचना

इस हादसे के बाद आसपास के लोगों ने सीपत पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान मृतक के जेब की तलाशी ली गई, तब उसके पास से आधार कार्ड मिला। जिससे उसकी पहचान होने के बाद परिजन को इस घटना की जानकारी दी गई। परिजन देर शाम पहुंचे। इसके चलते शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है।

## अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ बिलासपुर पुलिस ने चलाया अभियान, 33 गिरफ्तार



**बिलासपुर (ए)।** एसएसपी पारुल माथुर के निर्देश पर रविवार को जिले के सभी थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने 33 लोगों के कब्जे से 200 लीटर शराब जब्त की है। वहीं, सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों पर भी कार्रवाई की गई। एएसपी सिटी उमेश कश्यप ने बताया कि एसएसपी पारुल माथुर ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

साथ ही सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने कहा। इस पर चकरभाठा पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 23 लीटर, तोरवा पुलिस ने तीन लोगों से 20 लीटर, सिरगिट्टी में पांच लोगों से 16 लीटर शराब जब्त की गई। कोटा पुलिस ने सबसे अधिक कार्रवाई करते हुए नौ लोगों के कब्जे से 53 लीटर शराब जब्त की। सरकंडा पुलिस ने छह मामलों में 35 लीटर, रतनपुर में तीन लोगों से तीन लीटर, तखतपुर में चार लोगों से 12 लीटर, मस्तूरी में दो लोगों से पांच लीटर, पचपेड़ी में तीन लोगों से सात लीटर अवैध शराब जब्त की गई। इसके अलावा सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वाले 24 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# दुर्ग से रायपुर आता ट्रक में सो रहे ड्राइवरों को चाकू मारकर लूटने वाले गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर के उरला इलाके में पांच-छह महीनों से लूट की शिकायतें सामने आ रही थीं। रात के वक्त सूनसान सड़कों पर ट्रकों में सो रहे ड्राइवर और उनके हेल्पर लूट की घटना का शिकार हो रहे थे। पुलिस के हाथ वह शातिर लग गया है जो लगातार इन वारदातों को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तार हुए 20 साल के युवक का नाम राज सिसोदिया पारधी है, इसके साथ उरला में रहने वाला एक नाबालिग भी पकड़ा गया है जो लूट की वारदातों में इसका साथ दिया करता था।

27 मई की रात को भी लूट की वारदात हुई। रात के करीब 2 बजे के आसपास ट्रक का ड्राइवर भीतर सो रहा था। इतने में एक लड़का ट्रक का दरवाजा खोलकर अंदर रखें मोबाइल को चुराने लगा। ट्रक ड्राइवर ने उसे पकड़ लिया। तब लड़के ने उसके हाथ पर चाकू चला दिया। ट्रक ड्राइवर लक्ष्मी नारायण का इस वारदात में हाथ बुरी तरह से कट गया। लक्ष्मी नारायण ने बताया कि मुझे घायल करने के बाद युवक ट्रक से नीचे उतरा तो नीचे पहले से ही इसका साथी बाइक स्टार्ट करके खड़ा हुआ था। युवक बाइक की पिछली सीट पर बैठा तेज रफ्तार से दोनों फरार हो गए।



इस घटना के बाद स्थानीय थाने की पुलिस की टीम लुटेरों की तलाश में जुट गई। ड्राइवर से मिली एक अहम जानकारी के साथ पुलिस ने इस इन्वेस्टिगेशन को आगे बढ़ाया। ड्राइवर ने लुटेरों का चेहरा ठीक तरह से देखा नहीं था। ना ही उस बाइक पर कोई नंबर प्लेट थी, जिसमें बाइक सवार भागे थे। मगर ड्राइवर ने पिछले चक्के पर लगे कवर पर लिखा एक नाम पढ़ लिया था और यही नाम इस पूरी वारदात में पुलिस को लुटेरों तक पहुंचने में मददगार साबित हुआ।

ड्राइवर ने बताया कि पिछले चक्के की कवर पर नाम लिखा था- जय पारधी। उरला इलाके के आसपास पारधी नाम के लोगों को पुलिस ने खोजना शुरू किया। इस इलाके में एक पारधी मोहल्ला भी है। जहां पारधी सरनेम इस्तेमाल करने वाले बहुत से लोग रहते हैं। पता चला कि दुर्ग का रहने वाला एक युवक बाइक पर यहां आता है। यहां उसके मामा का घर है। पुलिस ने आरोपी के रिश्तेदार का पता लगा लिया और राज सिसोदिया पारधी तक जा पहुंची। राज ने बताया कि वह अपने एक नाबालिग साथी के साथ इस इलाके में पिछले पांच-छह महीनों से लूट की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

#### तेज भागने वाली बाइक का इस्तेमाल

पूछताछ में लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले राज सिसोदिया पारधी ने पुलिस को बताया कि वह शुरू में छोटी-मोटी घटनाओं को अंजाम दिया करता था। चोरी के पैसों से ही उसने पल्सर 200 मोटरसाइकिल खरीदी। लूटेरे ने कहा कि यह बाइक तेजी से भाग निकलने में मदद करती थी इसी पर बैठकर उसने 11 लोगों से रुपए और मोबाइल लूटे थे।

## सौतेली बेटी को चिकन खिलाने के बहाने खेत ले जाकर की छेड़खानी



**बिलासपुर (ए)।** बिल्हा क्षेत्र में रहने वाला युवक अपनी सौतेली बेटी को चिकन चिली खिलाने के बहाने बाजार ले गया। वहां से लौटते समय खेत की ओर ले जाकर किशोरी से छेड़खानी करने लगा। इसका विरोध करते हुए नाबालिग वहां से भागने लगी। इस पर सौतेले पिता ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी किशोरी ने 20 दिन बाद इसकी जानकारी अपनी मां को दी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

बिल्हा थाना प्रभारी पारस पटेल ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अपनी नाबालिग बेटी से छेड़खानी की शिकायत की है। महिला ने बताया कि उसने दूसरी शादी की है। उसके पहले पति की तरफ से 16 साल की एक बेटी है। आठ मई की शाम उसका पति नाबालिग बेटी को चिकन चिली खिलाने के बहाने चकरभाठा लेकर गया। वहां से लौटते समय रास्ते में बाइक से उतारकर खेत की ओर ले गया। सड़क से थोड़ी दूर जाकर उसने अपनी सौतेली बेटी से छेड़खानी शुरू कर दी।

किशोरी इसका विरोध करते हुए वहां से भागने लगी। इस पर सौतेले पिता ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। उसने अपनी बेटी को घटना की जानकारी किसी और को देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसे बाइक में बिठाकर घर ले आया। घटना से डरी किशोरी कुछ दिनों तक चुप रही। शनिवार को उसने इसकी जानकारी अपनी मां को दी। इसके बाद बिल्हा थाने में पहुंचकर घटना की शिकायत की। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

# जंगल में जानवरों के लिए लगाए करंट की चपेट में आया शिकारी, मौत

**बिलासपुर (ए)।** सीपत क्षेत्र के जंगल में शिकारियों ने जानवर फंसाने के लिए करंट लगाया था। इसमें फंसकर शिकारी की मौत हो गई। वहीं, एक चीतल भी करंट की चपेट में आ गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या और वन्य जीव हत्या का मामला दर्ज किया है। सीपत क्षेत्र के कनई में रहने वाले रूप सिंह गोंड़ शनिवार की रात अपने साथी बीरबल कुमार पोर्ते निवासी सिल्ली थाना हरदीबाजार जिला कोरबा, जनक नाई ग्राम लोटनापारा जयंती नगर थाना हरदीबाजार जिला कोरबा, महिपाल सिंह मरावी निवासी कनई के साथ जंगली जानवर के शिकार के लिए गया था।



चारों जंगल के बीच सतीमुड़ा तालाब के पास पहुंचे। उन्होंने बिजली के खंभे से कनेक्शन लेकर तालाब के पानी में डाल दिया। इससे तालाब में पानी पीने के लिए आया चीतल करंट की चपेट में आकर मर गया। चीतल को लाने के चक्कर में रूप सिंह भी करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके करंट की चपेट में आते ही साथी मौके से भाग निकले। गांव का संजय सुबह तालाब की ओर गया। उसने रूप सिंह और चीतल का शव देखकर इसकी सूचना गांव में दी। इसके बाद कोटवार के साथ मौके पर पहुंचे। कोटवार ने घटना की जानकारी सीपत पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने चीतल और शिकारी का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। गांव में पूछताछ के बाद पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। शिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

#### रुक नहीं रहा शिकार

कनई और आसपास के जंगलों में आए दिन जंगली जानवरों के शिकार की घटनाएं सामने आती है। कई मामलों में पुलिस ने शिकारियों को पकड़कर वन विभाग के हवाले किया है। इसके अलावा जंगल में बड़े पैमाने पर लकड़ियों की कटाई भी हो रही है। इसके बाद भी वन विभाग सुरक्षा को लेकर उदासीन बनी हुई है।

## पानी को छूने का आरोप लगाकर महिला की कर दी पिटाई

**बिलासपुर।** सार्वजनिक नल में पानी भरने गई महिला पर पानी को छूने का आरोप लगाकर पड़ोसी और उसके बेटे ने पिटाई कर दी। पीड़ित महिला ने जातिगत गालियां देने का भी आरोप लगाया है। इसकी शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना कोटा क्षेत्र की है। कोटा क्षेत्र में रहने वाली गृहणी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह गांव के सार्वजनिक नल में पानी भरने के लिए गई थी। इस दौरान वहां पर मोहल्ले में रहने वाली महिला पहले से पानी भर रही थी। महिला अपने बर्तन को नीचे रख रही थी। इसी दौरान उसके पड़ोस में रहने वाली महिला ने पानी को छू देने का आरोप लगाकर गाली-गलौज करने लगी।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास - खबर

### प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने बुथ पर पहुँची राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय

### कहा एक भारत श्रेष्ठ भारत का स्वप्न साकार होने लगा

**दुर्ग।** केंद्र मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कि नेतृत्व में भाजपा सरकार के 8साल पूरे होने के एक दिन पूर्व आज प्रधानमंत्री जी द्वारा किए जाने वाली मन की बात सुनने राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय बुथ पर पहुची जंहा सिकोला भाठा पटरी पर मंडल के तहत वार्ड 19 कैलाश नगर तितुरडीह के बुथ क्रमांक 44 में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओ व आम नागरिकों के बीच पीएम मोदी जी द्वारा बताए जा रही बातो को सुना इस दौरान पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष सोनी जिला मंत्री दिनेश देवांगन मंडल अध्यक्ष लुकेश बघेल महामंत्री देवनारायण चंद्राकर सुनील अग्रवाल पार्षद कांशीराम कोसरे तेखन सिन्हा स्वरूपलता पांडेय अभिषेक टण्डन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे इससे पूर्व राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय के वर्षो बाद तितुरडीह क्षेत्र पहुचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओ व महिलाओं ने बाजे गाजे के साथ स्वागत कर आरती उतार कर तिलक रोली किया तपश्चात प्रधानमंत्री को सुनने सरोज पांडेय ने आम महिलाओ के बीच बैठकर मन की बात सुनी।

### खेलबो जीतबो अउ गढ़बो नवा भिलाई के तहत विभिन्न खेल मैदान में जारी है समर कैंप

# खेल प्रतिभाओं को मिल रहा बढ़ावा, समर कैंप में उत्साह से भाग ले रहे बच्चे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत समर केंप का आयोजन किया जा रहा है। खेलबो जीतबो अउ गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के उद्देश्य से निगम क्षेत्र के विभिन्न खेल मैदानों में समर केंप चल रहा है जहां बच्चे एवं युवा बड़े उत्साह से शामिल होकर खेल में अपना दमखम दिखा रहे है। महापौर श्री नीरज पाल की पहल पर निगम क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओं में खेल को बढ़ावा देने समर केंप का आयोजन किया गया है। भिलाई निगम के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समर केंप के तहत 30 खेल मैदानों का चयन किया गया है जहां लगभग 11 प्रकार के खेल का प्रशिक्षण कोच द्वारा दिया जा रहा है।

समर केंप के शुरू होने से खेल मैदानों में सुबह से खिलाड़ियों की रौनक छाई हुई है। गर्मी की छुट्टी को मजेदार बनाने सुबह 6 बजे से ही मैदान में डट जाते है और कोच के मार्गदर्शन में अपने खेल प्रतिभाओं को प्रदर्शित कर रहे है। सेक्टर 05 के आदर्श उद्यान में सुबह 5:30 बजे से बच्चो संग बड़े भी संगीत की धुन पर जुम्बा में शामिल हो रहे है। खेल खेल में नृत्य और वार्मअप करते हुए फ्टिनेस के लिए बच्चे, युवा और महिलाओं में जबरदस्त हुआ बना हुआ है। निगम प्रशासन द्वारा लॉन टेनिस, क्रिकेट, टेबल टेनिस, बॉक्सिंग, फुटबाल, बॉलीबाल, बास्केटबाल, कराटे, कबड्डी, पिकल बॉल सहित विभिन्न प्रकार के खेल मैदान अलग-अलग खेल के अनुरूप मैदान को तैयार कराया गया है। स्कूल कॉलेज में छुट्टियां चल रही है खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का यह अच्छा मौका है, ताकि निगम क्षेत्र में निर्मित खेल मैदानों में खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिल सके और आम नागरिक भी खेल मनोरंजन का आनंद उठा सकें। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म देने की मंशा से समर कैंप का आयोजन निगम क्षेत्रों में किया जा रहा है, जिससे खेलबो जीतबो अउ गढ़बो नवा भिलाई के उद्देश्य को पूरा करते हुए भिलाई के बच्चे खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बढ़ाने में सक्षम हो। समर कैंप की पूरी गतिविधियों को लेकर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रभारी आदित्य सिंह रोजाना सुबह मैदान पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।



### इन स्थानों पर हो रहा समर कैंप का आयोजन

स्मृति नगर लॉन टेनिस ग्राउण्ड, हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट स्टेडियम, जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, शांति नगर फुटबॉल ग्राउंड, हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट स्टेडियम, जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, शांति नगर फुटबॉल ग्राउंड, शांति नगर फुटबॉल ग्राउंड, सेक्टर 02 सेंट्रल एवेन्यू रोड़, श्रीराम चौंक ग्राउण्ड, पं. दीनदयाल स्टेडियम, वार्ड 48 पम्प हाउस बीएसपी स्कूल के पीछे, फुटबाल ग्राउण्ड सड़क 26 सेक्टर 05, बैडमिंटन कोर्ट पानी टंकी के समीप सेक्टर 05, बैडमिंटन कोर्ट एस.पी.ए.सेक्टर 05, बैडमिंटन कोर्ट सड़क 33-34 के मध्य सेक्टर 05।

## छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत के सहयोग से गतका समर कैंप का आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विशेष गतका कैंप गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंघ जी सुपेला में सिक्ख यूथ फोरम द्वारा प्रबंधक कमेटी श्री गुरु सिंघ सभा सुपेला, छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत भिलाई-दुर्ग के सहयोग से गतका समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सुबह शाम करीब 40 बच्चों ने गतके का प्रशिक्षण प्राप्त किया। गतका सिखाने के लिए पंजाब फतेह गढ़ से पहुंचे भाई भूपिंदर सिंघ जी ने बच्चों को एक महीने तक गतके का प्रशिक्षण दिया बास्केटबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी करूणा ने बच्चों को फिटनेस की ट्रेनिंग दी।

फोरम के महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा ने बताया कि जब से गतके को राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया है बच्चों में इस खेल को लेकर काफी उत्साह है। इसलिए हम कोशिश कर रहे हैं कि भिलाई के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिल सके एवं उनको इस खेल के माध्यम से रोजगार मिल सके।आगे भी छत्तीसगढ़ गतका एसोसिएशन के सहयोग से गतके के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें जिला स्तर और राज्य स्तर पर इस खेल के लिए बच्चों को तैयार किया जायेगा। कैंप के समापन समारोह में अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष स. महेद्र सिंह छाबड़ा,छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के वाइस चेयरमैन स. सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत के चेयरमैन स.जसबीर सिंह चहल,गुरनाम सिंह,सुपेला गुरूद्वारा के अध्यक्ष पलविंदर सिंह रंधावा,सिक्ख यूथ फोरम के अध्यक्ष सुच्चा सिंह,उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह,रंजीत सिंह,सुरेंद्र सिंह,अमन सिंह,हरमंदिर सिंह कोंडल,दलबीर सिंह,केम्प1 के प्रधान बलदेव सिंह,कांग्रेस के निरमल सिंह,बलकार सिंह एवं कई गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

## नि:शुल्क स्वास्थ शिविर सम्पन्न हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** वार्ड क्र 5 कोसा नगर में श्री शंकराचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ शिविर सामुदायिक भवन कोसानगर में सम्पन्न हुआ। नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का शुभारंभ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष छितिज चंद्राकर ने किया।

वार्ड भ्रमण के दौरान अक्सर स्वास्थ्य संबंधित शिकायतें आ रही थी इसलिए हम कांग्रेस जनों ने आज नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लगाने का निर्णय लिया जिसमें बीपी,शुगर,हार्ट, चर्म रोग,आंख, कान, गला,एवं विभिन्न प्रकार की जांच करवाकर वार्ड एवं क्षेत्रवासियों को लाभ मिला। इस अवसर पर पूर्व विधायक भजनसिंह निरंकारी साड़ा के पूर्व उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, भिलाई नगर निगम के एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू कैशव चौबे चंद्रशेखर गवई पार्षद रवि शंकर कुरे अंजू सुमन सिन्हा आल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश सयोजक भुवनेश साहू गिरी राव मनोज पांडेय अतुल साहू राजेश साहू ने भी उद्घाटन मे भाग लिया इसके अलावा इस आयोजन को सफल बनाने मे डॉक्टर राहुल गुलाटी एवम उनकी टीम का एवम डॉक्टर मानसी गुलाटी जी का भी सराहनीय योगदान रहा।

## सितार और पानराज गुटखा सेहत के लिए खतरनाक - खासुअ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** केशर युक्त गुटखा सितार और केशर युक्त गुटखा पानराज को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में सेहत के लिए खतरनाक बताया है। 9 मई 2022 को उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन को लिखे पत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लिखा है कि जांच में ये दोनों गुटखा अमानक स्तर के पाए गए हैं तथा प्रकरण विवेचनाधीन हैं। आईटीआई कार्यकर्ता संजय सिंह द्वारा चायपत्ती में मिलावट एवं अमानक गुटखों के विक्रय पर जानकारी मांगी थी।

सूचना का अधिकार के तहत जब जानकारी मांगी गई तो विभाग ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से जांच प्रतिवेदन मंगवाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती पुष्पराज चौहान ने उपसंचालक को सौंपे प्रतिवेदन में पांच प्रकार की चायपत्ती एवं नौ पान मसाला एवं गुटखा पर अपनी रिपोर्ट सौंपी। प्रतिवेदन के अनुसार 2020 तक किए गए नमूना संग्रह में खुली चायपत्ती, ब्रुक बाण्ड रेड लेबल, जैन चुस्की चाय एवं टाटा टी अग्नि मानक स्तर के पाए गए। 10 मई को टाटा टी अग्नि का नमूना लिया गया है जिसकी रिपोर्ट अभी अप्राप्त है। श्रीमती पुष्पराज चौहान की रिपोर्ट के मुताबिक 2016 तक लिए गए पान पसंद गुटखा एवं पान राज गुटखा के सभी सैम्पल जांच में मिथ्याछाप एवं असुरक्षित पाए गए। 2019 में पान बहार पानमसाला का सैम्पल लिया गया था जिसे असुरक्षित पाया गया है। 2020 में सचिन पान मसाला का सैम्पल भी असुरक्षित पाया गया था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा की रिपोर्ट के मुताबिक कोणार्क चायपत्ती को असुरक्षित पाया गया था जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। इसके अलावा बाघ बकरी चाय का सैम्पल लिया गया था जिसकी रिपोर्ट अभी अप्राप्त है।

एक अन्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 4 मई को अपनी रिपोर्ट उपसंचालक को सौंपी है। इसके अनुसार आरएमडी पान मसाला, केसरयुक्त सितार तथा केसरयुक्त पानराज को असुरक्षित पाया गया है जिसके प्रकरण सीजेएम की अदालत में लंबित हैं। एक और खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में केशर युक्त सितार तथा केशर युक्त पानराज को असुरक्षित पाया जिसके प्रकरण विचाराधीन हैं।

## वट सावित्री: पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत, बरगद पेड़ के नीचे की पूजा-अर्चना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग न्यू आदर्श नगर गार्डन समेत अन्य जगहों में आज सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा अर्चना पति की लंबी उम्र और सुख शांति की कामना की। वहीं, वट सावित्री पूजा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया है। वट वृक्ष को मौसमी फल अर्पित करने, कच्चे सूत से बांधने और बियने हथ पंखा से ठंडक पहुंचाने के बाद महिलाओं ने आस्था के साथ इसकी परिक्रमा की पूजा के बाद वट सावित्री कथा भी सुनी।**



उल्लेखनीय है कि जेष्ठ मास के अमावस्या के दिन पडने वाले इस पर्व में सुहागिन महिलाओं ने पूजा की थाली सजाकर वट वृक्ष की बारह बार परिक्रमा की और फल फूल चढाकर सुख समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना करती है। इस व्रत का विशेष महत्व है जहां घरों में नई-नवेली दुल्हनों के साथ सुहागिन महिलाएं बरगद पेड़ के नीचे पहुंची पूरे दिन पूजा-अर्चना की।वट सावित्री पूजा के दौरान श्रीमती सरिता ठाकुर,श्रीमती स्वेता बक्शी,श्रीमती ज्योति कनोज,श्रीमती बबिता देशमुख,श्रीमती पूनम सिंह,श्रीमती प्रियंका पटेल, श्रीमती उषा राजपूत,श्रीमती ऋतु गौतम,श्रीमती उष्पा बथाव के अलावा बड़ी संख्या में कालोनी की महिलाएं मौजूद थी

इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि वट सावित्री पूजन करना फलदायक होता है व्रत रखने वाली महिलाओं के अनुसार इस व्रत को सबसे पहले सावित्री ने अपने पति सत्यवान की प्राण को यमराज से वापस मागकर लाई थीं, तब से इस व्रत को सुहागिन करती चली आ रही है। वट सावित्री व्रत में महिलाएं 108 बार बरगद की परिक्रमा करती हैं। कहते हैं कि वट सावित्री पूजन करना बेहद फलदायक होता है।

महिलाओ ने ये भी कहा कि इस दिन महिलाएं सुबह से स्नान कर लेती हैं और सुहाग से जुडा हर श्रृंगार करती हैं, जब तक पानी नहीं पीती हैं जब तक वह पूजा नहीं कर लेती हैं वट सवित्री के दिन महिलाएं त्यौहार की तरह अपने अपने घरों में भोजन के साथ पकवान भी बनाती हैं। वट वृक्ष पूजन में साल भर में जो 12 महिने होते है। उसके अनुसार सभी वस्तुएं भी 12 ही चढाई जाती हैं। कच्चे धागे का जनेऊ बनाकर उसको अपने गले में धारण करती है।

### संकल्प और कर्म में समानता होगी तब परमात्म प्यार का अनुभव होगा....

## मम्मा सम बने तपस्वी योग कार्यक्रम का भिलाई सहित पूरे इंदौर ज़ोन में हुआ उद्घाटन...

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** कथनी करनी ,संकल्प और कर्म में समानता हो तो परमात्म प्यार का अनुभव होगा । प्यार बहुत छोटा सा शब्द है लेकिन उसकि गहराई बहुत ज्यादा है, हमारे सोच और कर्म में समानता लाना ही परमात्म प्यार को निभाना है। उक्त उद्गार सेक्टर 7 स्तिथ पीस ऑडिटोरियम में ब्रह्माकुमारीज़ की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगतम्बा की स्मृति में मम्मा सम बने तपस्वी योग तपस्या जून मास के उपलक्ष्य में भिलाई सेवाकेन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कही।

मम्मा सम बने तपस्वी के बारे में आपने बताया कि तपस्या अलग जीवन अलग नहीं बल्कि हमारा जीवन तपस्वी जीवन हो। हर कर्म में तपस्या दिखाई दे । मातेश्वरी जी ने तपस्वी जीवन जी कर दूसरों को भी वैसा तपस्वी जीवन जीना सिखाया। इसी थीम को लेकर मम्मा सम बने तपस्वी योग तपस्या प्रोग्राम का पूरे इंदौर जोन में शुभारंभ किया गया । जो कि पूरा जून मास चलेगा जिसमें प्रथम सप्ताह एकाग्रता की शक्ति का अभ्यास,दूसरा सप्ताह निर्भयता की शक्ति, तीसरा सप्ताह पवित्रता की शक्ति का चौथा सप्ताह रुहानियत की शक्ति का अभ्यास सभी ब्रह्मा वत्स करेंगे। जिसमें दृढ़ता,सच्चाई से व्यर्थ बोल ,बातों ,सोच पर अटेंशन देकर सप्ताह में एक दिन पूर्णत: मौन में रहेंगे । जिसमें हमें मोबाइल और व्हाट्सएप भी कम से कम इस्तेमाल करना है।

सर्वप्रथम भिलाई स्थित सभी सेवाकेन्द्रों की मुख्य ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर मम्मा सम बने तपस्वी योग कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।

आशा दीदी ने प्रात: राजयोग सत्र में कहा कि कर्मेद्रियां आपके ऑर्डर में हो कर्मचारी के रूप में। कर्मेन्द्रियां आपके ऑर्डर प्रमाण चलती है या आप उनके ऑर्डर मानते हो। आज्ञाकारी वफादार माना जो कहा वह किया। राज्य अधिकारी बन रोज कर्मेंद्रियों रूपी कर्मचारियों की दरबार लगाओ नहीं तो गलत कर्मों के संस्कार पक्के हो जाते हैं जिन्हें परिवर्तन करने में बहुत समय और मेहनत लगती है पुराने संस्कारों को चेंज करने के लिए। इसीलिए बार-बार चेक करते रहो। परिवर्तन करो पुराने संस्कारों का, राजयोगी माना कर्म इंद्रियों का राजा बन कर कर्म करना। तब प्रकृति के पांच तत्व भी आपका ऑर्डर मानेंगे आप को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे क्योंकि हमारा शरीर भी पांच तत्वों का बना हुआ है ।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950